CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 200 राजनांदगांव, सोमवार 08 जून 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# आज 'इंडिया' की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचीं ममता, डीएमके-आप ने बनाई दूरी; 23 दल होंगे शामिल

नई दिल्ली। विपक्ष एक बार फिर एकजुट हो रहा है. विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ब्लॉक ने सोमवार को बैठक बुलाई है. इस बैठक में 23 राजनीतिक पार्टियां हिस्सा लेंगी. हालांकि, बैठक से पहले ही गठबंधन में 'टूट' भी नजर आ रही है. आम आदमी पार्टी समेत कई पार्टियों ने बैठक में हिस्सा लेने से मना कर दिया है. कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बताया कि 8 जून को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए 23 पार्टियों ने अपनी सहमति जता दी है. उन्होंने बताया कि कुछ पार्टियों ने अपने-अपने कारणों से इस बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई है.

इस बैठक में शामिले होने के लिए पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी भी दिल्ली पहुंच गई हैं. बंगाल के विधानसभा चुनाव में हार के बाद ममता बनर्जी का दिल्ली का यह पहला दौरा है. सोमवार को वह इंडिया ब्लॉक की बैठक में शामिल होंगी.

इस बीच, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी से मुलाकात की. बताया जा रहा है कि ममता



बनर्जी सोनिया गांधी से भी मुलाकात कर सकती हैं.

### विपक्ष की मीटिंग का एजेंडा

इंडिया ब्लॉक की बैठक दोपहर 12 बजे शुरू होगी. इस बैठक में एसआईआर, जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग, महंगाई और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी.

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने आगे कहा कि सरकार जांच एजेंसियों के जरिए विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही है, करोड़ों भारतीयों की रोजी-रोटी को गंभीर नुकसान पहुंचा रही है. लगातार महंगाई के जरिए घरेलू बजट को बिगाड़ रही है, लाखों युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात कर रही है. निवेश के माहौल को कमजोर कर रही है और अपनी विदेश नीति के जरिए राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रही है.

### आम आदमी पार्टी ने बनाई दूरी


इस बैठक से आम आदमी पार्टी ने दूरी बना ली है. आप नेता सोमनाथ भारती ने आरोप लगाया कि कांग्रेस छोटी पार्टियों को कमजोर करने के लिए बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रही है. उन्होंने कहा कि 'इंडिया बलॉक गठबंधन बनाने वाली पॉलिटिकल पार्टियों से मेरी दिल से गुजारिश है कि मेरी सोच के हिसाब से कांग्रेस देश भर में रीजनल और छोटी पार्टियों को कमजोर करने के लिए बीजेपी के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि भाजपा और कांग्रेस बारी-बारी से देश पर राज कर सकें.'

उन्होंने आगे कहा कि 'कांग्रेस के ऐसे दोहरे रवैये की वजह से आम आदमी पार्टी ने गठबंधन से दूरी बनाने का फैसला किया है अगर कांग्रेस ही इसे लीड करता रही.'

इंडिया ब्लॉक की पार्टियों- (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भूटान में आया 5.7 तीव्रता का भूकंप, असम सहित पूर्वोत्तर भारत में महसूस किए गए झटके

भूटान। 7 जून, 2026 को रात लगभग 11.06 बजे भूटान के पुनाखा के पास लगभग 5.6 तीव्रता का भूकंप आया. मगर भूकंप के झटके पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों में महसूस किए गए. असम, मेघालय सहित पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. भूकंप के झटके सिर्फ भूटान और भारत के पूर्वोतर राज्यों में ही नहीं बल्कि बांग्लादेश, नेपाल और चीन में भी महसूस किए गए.



हिमालय ने एक बार फिर याद दिलाया है कि यह पृथ्वी के सबसे सक्रिय भूवैज्ञानिक क्षेत्रों में से एक है. भूटान के पुनाखा के पास मात्र 10 किमी की उथली गहराई पर 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे पूर्वी हिमालय क्षेत्र में व्यापक रूप से झटके महसूस किए गए. भूकंप का केंद्र भूटान स्थित पुनाखा बताया गया. भूकंप की तीव्रता 5.6 रही. इसकी गहराई 10 किमी रही. भारत के गुवाहाटी से भूकंप केंद्र की दूरी लगभग 250 किमी है. इस घटना को विशेष रूप से रोचक बनाने वाली बात केवल इसकी तीव्रता ही नहीं, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव क्षेत्र भी है. कंपन भूटान से बहुत दूर तक फैला और इसके कई हिस्सों में महसूस किया गया. भारत के असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तरी बंगाल और बिहार तक भूकंप के झटके महसूस किए गए.

महसूस किया गया क्षेत्र पूरी तरह से गोलाकार नहीं है. बल्कि, यह पूर्वी हिमालयी चाप के साथ-साथ दक्षिण की ओर ब्रह्मपुत्र-बांग्लादेश के मैदानों तक फैला हुआ है. इससे पता चलता है कि भूकंप के अनुभव में क्षेत्रीय भूविज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका रही. ब्रह्मपुत्र बेसिन के नीचे मौजूद मोटी जलोढ़ तलछट भू-कंपन को बढ़ा सकती है, जिससे मध्यम तीव्रता के भूकंप भी आश्चर्यजनक रूप से लंबी दूरी तक महसूस किए जा सकते हैं. यह भूकंप उस विशाल टकराव क्षेत्र में आया, जहां भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट के साथ धीमी लेकिन निरंतर गति से अभिसरण कर रही है. इस निरंतर टकराव से उत्पन्न तनाव हिमालय के निर्माण और दुनिया के कुछ सबसे महत्वपूर्ण भूकंपों के लिए जिम्मेदार हैं.

# नीट के तथ्य सामने लाने के लिए राहुल ने की सार्थक की प्रशंसा



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में तथ्य सामने लाने वाले 18 वर्षीय सार्थक और उसके साथी निसर्ग की सराहना करते हुए कहा है कि देश की युवा शक्ति सत्ता और शासन से सवाल पूछने और सच उजागर करने का साहस रखती है।

श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सार्थक मात्र 18 वर्ष का है, लेकिन उनकी सोच, साहस और सिद्धांत किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सार्थक और उसके साथी निसर्ग ने वह कर दिखाया जो देश के बड़े मीडिया संस्थान और खोजी पत्रकार भी नहीं कर पाए तथा सीबीएसई और सीओईएमपीटी की कथित मिलीभगत को देश के सामने रखा।

उन्होंने कहा 'सरकार चाहती है कि युवा केवल मनोरंजन में उलझे रहें और सवाल न पूछें, लेकिन इन युवाओं ने न केवल सवाल पूछे बल्कि उनके जवाब भी तलाश निकाले। यह इस बात का प्रमाण है कि देश के नौजवान जागरूक, जिज्ञासु और जानकार हैं तथा भारत का भविष्य किसी बहकावे में आने वाला नहीं है। देश का 18 साल का बच्चा सीबीआई से तेज निकला। नौजवानों की यह जीत सही मायने में सरकार की हार है।'

# कर्नाटक में निवेश के नाम पर 2,400 करोड़ की ठगी, सीआईडी जांच में बड़ा खुलासा, 40 हजार से ज्यादा निवेशक हुए शिकार

बैंगलोर। कर्नाटक में एक बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है, जिसमें हजारों निवेशकों के साथ ठगी की गई है। सीआईडी ने 2,400 करोड़ रुपये के पोंजी स्कीम घोटाले का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में शिवानंद नीलान्नवर को मुख्य आरोपी बताया गया है, जिसने करीब 40,700 लोगों को अपने जाल में फंसाया। सीआईडी के मुताबिक यह पूरा खेल नए निवेशकों से पैसा लेकर पुराने निवेशकों को ब्याज देने के नाम पर चल रहा था।

सीआईडी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घोटाले का खुलासा किया। डीआईजी भीमाशंकर गुलेड ने बताया कि जांच में साफ हो गया है कि यह एक सुनियोजित पोंजी स्कीम थी। उन्होंने कहा कि यह साबित हो चुका है कि शिवानंद नीलन्नवर ने धोखाधड़ी की है। वह एक पोंजी स्कीम चला रहे थे, जिसमें पुराने



निवेशकों को ब्याज देने के लिए नए निवेशकों के पैसे का इस्तेमाल किया जाता था। उन्होंने यह तब तक जारी रखा जब तक कि ब्याज का भुगतान नए कलेक्शन से ज्यादा नहीं हो गया। अधिकारियों के अनुसार, जैसे-जैसे नए निवेश कम होने लगे, पूरा सिस्टम टूट गया।

### 2,400 करोड़ रुपये की वसूली

जांच में सामने आया है कि आरोपी ने लगभग 2,400 करोड़ रुपये निवेशकों से जुटाए थे। इसमें से कुछ रकम पहले ही वापस की जा चुकी है, लेकिन बड़ी राशि अब भी फंसी हुई है। करीब 540 करोड़ रुपये शेयर बाजार में लगाए गए, जिसमें लगभग 170 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कुल मिलाकर 660 करोड़ रुपये का घाटा सामने आया है, जिसमें से करीब 330 करोड़ रुपये की रिकवरी संभव मानी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक लगभग 40,700 लोगों ने इस स्कीम में पैसा लगाया था।

### 55 करोड़ रुपये निजी खातों में ट्रांसफर

जांच में एक सहयोगी की भूमिका भी सामने आई है, जिस पर कंपनी से करीब 55 करोड़ रुपये निजी खातों में ट्रांसफर करने का आरोप है। ष्ठ्ढष्ठ ने अब तक 5 लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं और 11 और वाहनों की जब्ती की प्रक्रिया चल रही है। अब तक लगभग 400 करोड़ रुपये निवेशकों को वापस किए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# देश के बॉर्डर को स्मार्ट बनाने की तैयारी, एडवांस्ड लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च करेंगे अमित शाह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (एलपीएमएस) लॉन्च करेंगे। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे सभी लैंड पोर्ट्स के कामकाज को एक ही सिस्टम में जोड़ने के लिए बनाया गया है। यह सिस्टम एक आधुनिक, टेक्नोलॉजी-आधारित स्मार्ट बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम होगा, जो व्यापार को आसान बनाने, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में मदद करेगा। गृह मंत्री डावकी (मेघालय) और श्रीमंतपुर (त्रिपुरा) लैंड पोर्ट्स पर स्टेकहोल्डर्स के लिए ठहरने की नई सुविधाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

### लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम लॉन्च करेंगे अमित शाह

लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (एलपीएमएस) सरकारी एजेंसियों और प्राइवेट ऑपरेटर्स समेत अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के बीच बेहतर तालमेल बनाने में मदद करेगा, जिससे देरी कम होगी और कामकाज की क्षमता बढ़ेगी। यह सिस्टम कार्गो और यात्रियों की प्रोसेसिंग के लिए सुरक्षित एंड-टू-एंड डिजिटल वर्कफ्लो देगा, जिसमें स्लॉट बुकिंग, पेमेंट, ट्रैकिंग और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने कहा, 'आइसगेट, यूलिप और मोटर व्हीकल इकोसिस्टम जैसे प्रमुख राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म के साथ पूरी तरह से जुड़े होने के कारण, एलपीएमएस बार्डर मैनेजमेंट को इंटरआपरेबल, कुशल और पारदर्शी बनाएगा।' यह प्लेटफॉर्म लॉजिस्टिक्स और रेगुलेटरी जानकारी के सुरक्षित और रियल-टाइम आदान-प्रदान को संभव बनाता है, जिससे लैंड पोर्ट्स भी एयरपोर्ट और सीपोर्ट पर चल रहे डिजिटल सिस्टम के बराबर स्टैंडर्ड वाले हो जाते हैं।

# घरेलू गैस सिलेंडर रु. 29 महंगा, 3 महीने में रु. 89 बढ़े दाम



नई दिल्ली। देश में आम उपभोक्ताओं को महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में प्रति सिलेंडर 29 रुपये की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। यह नई दरें रविवार, 7 जून 2026 से पूरे देश में प्रभावी हो गई हैं। पिछले तीन महीनों के भीतर घरेलू गैस के दामों में की गई यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है, जिससे आम नागरिकों के रसोई का बजट एक बार फिर से प्रभावित होने की आशंका है।

### ईरान संकट और वैश्विक बाजार पर दबाव

इस मूल्य वृद्धि के पीछे मुख्य कारण पश्चिम एशिया में जारी ईरान संकट और वैश्विक स्तर पर बढ़ती ऊर्जा कीमतें हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और अंतरराष्ट्रीय फ्यूल की दरों में लगातार आ रहे उछाल की वजह से घरेलू ऑयल मार्केटिंग कंपनियों पर वित्तीय दबाव काफी बढ़ गया है। इससे पहले मार्च महीने में भी वेस्ट एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक एनर्जी सप्लाई चेन प्रभावित हुई थी, जिसके चलते प्रति सिलेंडर 60 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

### विभिन्न शहरों में गैस सिलेंडरों के नए दाम

ताजा संशोधन के बाद देश की राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़कर अब 942 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। केवल घरेलू ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक उपयोग वाले सिलेंडरों के दामों में भी इस महीने की शुरुआत में बड़ा बदलाव देखा गया था।

पहली जून को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 42 रुपये की वृद्धि की गई थी, जिसके बाद दिल्ली में इसके दाम 3113.50 रुपये और कोलकाता में 53.50 रुपये की बढ़त के साथ 3255.50 रुपये हो गए हैं। इसके अतिरिक्त, छोटे व्यापारियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडर की कीमत में भी 11 रुपये का इजाफा हुआ है।

### पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के मोर्चे पर भी राहत नहीं

ईंधन और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी का यह सिलसिला केवल एलपीजी तक सीमित नहीं है। मई महीने से लेकर अब तक देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कुल मिलाकर 7.50 रुपये प्रति लीटर तक की व्यापक बढ़ोतरी की जा चुकी है, जबकि कंप्रेस्ड नेचुरल गैस की दरों में भी लगभग 6 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा हुआ है।

तेल कंपनियों और इंडस्ट्री विशेषज्ञों का तर्क है कि इस हालिया बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल और डीजल को लागत से काफी कम कीमत पर बेच रही हैं, जिससे उन्हें वर्तमान में पेट्रोल पर लगभग 11 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 33.6 रुपये प्रति लीटर का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# परिवहन विभाग के 165 अफसरों और कर्मियों का तबादला, नारायणपुर-बीजापुर में नए DTO तैनात



रायपुर। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग में प्रशासनिक कसावट लाने प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा अपर परिवहन आयुक्त डी.रविशंकर के हस्ताक्षर से जारी आदेश में प्रदेश के विभिन्न जिलों, उड़नदस्ता इकाइयों और प्रमुख चेकपोस्टों में पदस्थ 46 परिवहन निरीक्षकों, 50 उपनिरीक्षकों, 16 सहायक उपनिरीक्षकों, 35 प्रधान आरक्षकों तथा 18 आरक्षकों का तत्काल प्रभाव से तबादला किया गया है। विभाग ने इस फेरबदल को एक नियमित रोटेशन प्रक्रिया बताया है।

### फील्ड पोस्टिंग से हटाकर कई अधिकारियों को दी गई कार्यालय की जिम्मेदारी

इस बड़ी सर्जरी के तहत कई अधिकारियों को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर कार्यालय की जिम्मेदारी दी गई है, तो वहीं कुछ को चेकपोस्टों और उड़नदस्ता यूनिटों में नई तैनाती मिली है। महत्वपूर्ण बदलावों के तहत कोरबा उड़नदस्ता में पदस्थ अनुपम पटेल को प्रभारी जिला परिवहन अधिकारी नारायणपुर और दुर्ग से सनत कुमार जागड़े को प्रभारी डीटीओ बीजापुर बनाया गया है। इसके अलावा, कृष्ण कुमार चौबे को अंबिकापुर से चिल्फी, वैभव शुक्ला को रायपुर से रामानुजगंज, मोहम्मद आबिद खान को कोटा से धनपुंजी चेकपोस्ट भेजा गया है।

### तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश जारी

संतोष कुमार राठौर और चंद्र कुमार साहू, अरुणा साहू को रायपुर उड़नदस्ता, महेंद्र कुमार कुलदीप को परिवहन कार्यालय बिलासपुर, राजेंद्र कुमार बर्मन को पाटेकोहरा चेकपोस्ट से उड़नदस्ता रायगढ़, केशव प्रसाद राजवाड़े को उड़नदस्ता दुर्ग, जितेंद्र भूषण को पाटेकोहरा चेकपोस्ट की कमान सौंपी गई है। परिवहन विभाग ने सभी स्थानांतरित कर्मियों को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप का बड़ा बयान, 50 हजार अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने से किया इंकार



वाशिंगटन। ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि फिलहाल अमेरिकी सैनिकों की वापसी की कोई योजना नहीं है। ट्रंप ने कहा कि ईरान में सैन्य अभियान पूरी तरह खत्म होने तक वहां तैनात करीब 50 हजार अमेरिकी सैनिकों को वापस नहीं बुलाया जाएगा। उनके इस बयान को अमेरिका के सख्त रुख के तौर पर देखा जा रहा है।

### सैनिकों की वापसी पर बोले ट्रंप

एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक किसी बड़े खतरे में हैं। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत रक्षा और सैन्य क्षमता है। ट्रंप ने कहा कि सैनिकों को अभी वापस बुलाना समझदारी नहीं होगी, क्योंकि जरूरत पड़ने पर उनका इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिशन पूरा होने से पहले सैनिकों की वापसी पर विचार नहीं किया जा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान में चल रहे सैन्य अभियान को सफल बताते हुए कहा कि अमेरिकी सेना बेहतर काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि अब तक हुई सैन्य क्षति पहले के बड़े युद्धों की तुलना में काफी कम है। ट्रंप ने कहा कि किसी भी सैनिक की मौत दुखद होती है, लेकिन हालिया संघर्ष में हुए नुकसान की तुलना अगर अमेरिका के पुराने युद्धों से की जाए तो स्थिति अलग नजर आती है।

### 13 अमेरिकी सैनिकों की हो चुकी है मौत

ईरान से जुड़े संघर्ष में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। इनमें से छह सैनिक 1 मार्च को कुवैत के शुआइबा बंदरगाह पर हुए ईरानी हमले में मारे गए थे। इसके अलावा 8 मार्च को सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर हुए हमले में एक सैनिक की मौत हुई। वहीं 12 मार्च को पश्चिमी इराक में अमेरिकी वायुसेना के केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह और सैनिकों की जान चली गई।


### अमेरिका का सख्त संदेश

ट्रंप के इस बयान को ईरान (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जयपुर के 34 थाना क्षेत्रों में 24 घंटे बंद रहेगा इंटरनेट, अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर, सोशल मीडिया पर बैन

जयपुर। राजधानी में प्रस्तावित बड़े अतिक्रमण हटाओ अभियान से पहले प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा 8 जून से शुरू किए जाने वाले अतिक्रमण हटाने के अभियान को देखते हुए जयपुर शहर के 34 थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने का आदेश जारी किया गया है। इस दौरान मोबाइल इंटरनेट, व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर), इंस्टाग्राम समेत सभी सोशल मीडिया और बल्क एसएमएस सेवाएं बंद रहेंगी। हालांकि वॉयस कॉल की सुविधा जारी रहेगी।

संभागीय आयुक्त जयपुर वे. सरवण कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री प्रसारित होने की आशंका को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार 7 जून की रात 12



बजे से 8 जून की रात 12 बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

### जयपुर उत्तर के सभी 14 थाना क्षेत्र प्रभावित

इंटरनेट बंदी का दायरा पुलिस आयुक्तालय जयपुर के उत्तर और पूर्व जिलों के कुल 34 थाना क्षेत्रों तक रहेगा। जयपुर उत्तर में रामगंज, गलता गेट, माणक चौक, सुभाष चौक, आमेर, ब्रह्मपुरी, नाहरगढ़, कोतवाली, जालूपुरा, संजय सर्किल, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, विद्याधर नगर और जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्र शामिल हैं।

वहीं जयपुर पूर्व में बस्सी, कानोता, तुंगा, आदर्श नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहर नगर, जामडोली, एसएमएस अस्पताल, गांधीनगर, लालकोठी, मोती डूंगरी, एयरपोर्ट, मालवीय नगर, जवाहर सर्किल, बजाज नगर, खो-नागोरियान, सांगानेर, प्रताप नगर, रामनगरिया और मालपुरा गेट थाना क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं बंद रहेंगी।

### नंदपुरी-गैटोर रोड पर हटेंगे अतिक्रमण

इस दौरान मालवीय नगर स्थित नंदपुरी-गैटोर रोड समेत कई जगहों पर प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। जेडीए के मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट निर्धारित है, जबकि मौके पर विभिन्न निर्माणों के कारण यह कई स्थानों पर केवल 40 से 50 फीट तक सिमट गई है। पिछले 15 दिनों से जेडीए और पुलिस प्रशासन क्षेत्र के लोगों से लगातार संवाद कर रहे थे। समझाइश का असर यह रहा कि सड़क सीमा में आ रहे मंदिर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कल साय कैबिनेट की बैठक में अहम विषयों पर सरकार ले सकती है फैसला



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 9 जून को कैबिनेट बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि इस बैठक में किसानों, सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक मामलों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा के बाद बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, खरीफ सीजन की तैयारियों और मानसून पूर्व व्यवस्थाओं की समीक्षा भी एजेंडे में शामिल हो सकती है। वर्तमान में किसान खाद और बीज की कमी से जूझ रहे हैं, ऐसे में सरकार इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकती है। वहीं, शासकीय कर्मचारियों के तबादलों पर लगे प्रतिबंध को हटाने को लेकर भी चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है।

### खरीफ सीजन की तैयारियों पर फोकस

बता दें कि कैबिनेट बैठक का आधिकारिक एजेंडा अभी जारी नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के संचालन तंत्र और विभागवार जिम्मेदारियों को लेकर फैसला लिया जा सकता है। 9 जून को इस सेवा की शुरुआत की तैयारी भी चल रही है। इसके अलावा कृषि विभाग खरीफ फसलों की तैयारी की समीक्षा करेगा। बैठक में खाद और बीज की उपलब्धता, नैनो यूरिया और डीएपी के भंडारण व वितरण व्यवस्था पर भी मंथन संभव है।

साय कैबिनेट में मानसून से पहले जल संसाधन, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

## पहला कॉलम...

### गौ सम्मान आह्वान अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा एवं कार्ययोजना बैठक 9 जून को



**राजनांदगांव (दावा)।** सनातन संस्कृति की रीढ़ और कृषि प्रधान भारत की आधार स्तम्भ गौ माता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान हेतु पूरे भारतवर्ष में गौ सम्मान आह्वान अभियान का प्रथम चरण तहसील स्तर पर 27 अप्रेल को सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ। देश में 5000 से अधिक तहसीलों में गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया गया। अभियान का दूसरा चरण 27 जुलाई को किया जाना है। 27 जुलाई को यह अभियान जिला स्तर पर आयोजित होगी। गौमाता की सेवा सुरक्षा और सम्मान संबंधित राजनांदगांव जिले से 5लाख हस्ताक्षर के साथ हजारों की संख्या में गो भक्त व धर्म प्रेमी जनता शहर भ्रमण करते हुवे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौपेगी। 27 जुलाई को होने गौ सम्मान आह्वान अभियान में पूरे जिले में प्रचार- प्रसार एवं हस्ताक्षर अभियान को गति देने हेतु 9 जून को प्रातः 10 बजे महामाया चौक स्थित गौ रक्षा अनुसंधान केन्द्र में कार्ययोजना बैठक रखी गयी है।

ज्ञात हो कि हमारे वेद-पुराणों में गौ को पूज्यनीय माना गया है। गौ से प्राप्त पंचगव्य मानव जीवन के लिए औषधि तुल्य हैं। वर्तमान स्थिति मैं आज गौ वंश पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। गौवंश की दुर्दशा, गौ तस्करी एवं गौ हत्या जैसी घटनाएं पूरे समाज के लिए चिंता का विषय हैं। गौ सम्मान आह्वान के इस पुण्यमय अभियान में समस्त गौ सेवक, धर्म प्रेमी जनता समाजसेवी जन शामिल होकर शासन-प्रशासन एवं समाज का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, ताकि गौ रक्षा के लिए ठोस एवं प्रभावी नीति बने।

### छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के चुनाव की तैयारी जोरों पर



**राजनांदगांव (दावा)।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चुनाव संचालन समिति के सदस्यों एवं सहायक निर्वाचन अधिकारियों का महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश मुख्यालय राजनांदगांव में आहूत की गई। जिसमें आगामी चुनावी महाधिवेशन जो दिनाँक 14 जून 2026 को सत्संग भवन श्री दूधाधारी मठ रायपुर में आयोजित होना है, के लिए अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु प्राप्त नामांकन पत्रों की गहन जांच पश्चात सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। उक्त बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्र कुमार वैष्णव, हेमंत वैष्णव अध्यक्ष निर्वाचन समिति, कमलेश वैष्णव सहायक निर्वाचन अधिकारी, संतोष वैष्णव स्थल निर्वाचन अधिकारी, संतोष कुमार वैष्णव कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे।

### रामनगर में 17 पौवा देशी शराब की जब्त



राजनांदगांव (दावा)। शहर की कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में एक अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसके पास से 17 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है। घटना की जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि रामनगर बिजली ऑफिस के पास रेड कार्यवाही में आरोपी डोमेन्द्र लोन्हारे पिता भंवरलाल नोन्हारे उम्र 25 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़कर उसके कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन शराब रोमियों ब्राण्ड कीमत 1360 रूपये जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने पर आबकारी एक्ट के तहत् कार्रवाई किया गया। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि आगे भी असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### कनक लता श्रीवास्तव का निधन



**राजनांदगांव (दावा)।** स्थानीय किला पारा राजनांदगांव निवासी पीडब्ल्यूडी विभाग से सेवानिवृत्त श्रीमती कनक लता श्रीवास्तव का आज 07 जून 2026 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे कुछ समय के अस्वस्थता के चलते रायपुर के एक निजी चिकित्सालय में असामयिक निधन हो गया। वे प्रियांशु की माता व अभिलाषा संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव की चाची थी, उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन और अन्य शामिल होकर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मस्ती की पाठशाला में पारंपरिक खेलों व डांस के प्रति बच्चों में भारी उत्साह

**जुम्बा डांस में सभी वर्ग के लोग छत्तीसगढ़ी गाने में जमकर झुमे, 14 जून को मस्ती की अंतिम पाठशाला का मजा लेने महापौर ने नागरिकों से की अपील**





**राजनांदगांव (दावा)।** हर रविवार को आयोजित होने वाली मस्ती की पाठशाला के लिये लोगो का उत्साह बढता जा रहा है। आज की पाठशाला में नये नये पारंपरिक खेलो को खेल बच्चे एवं बडो ने मजा लिया। आज जहॉ सभी वर्ग के लोग गेडी दौड, बाटी चम्मच दौड, स्पंज को भिगोकर पानी भरने, रस्साकसी कर बाल डालने जैसे नये खेलो में बढ़ चढ कर हिस्सा लिए। वही पिट्ठुल, रींग टास्क, साप सीडी,बेडमिंटन, तीरंदाजी, कराटे खेल का आनंद लिए तथा नन्हे मुन्ने बच्चे छोटे छोटे खेलो में हिस्सा लेकर झुला, फिसल पट्टी का मंजा उठाये है, वही बडे बुजुर्ग स्वस्थ रहने के लिए योग का सहारा लिए तथा बच्चे एंव युवा बड़ी संख्या में अंत तक जुम्बा डॉस में छत्तीसगढी गाने में जमकर झुमे। साथ ही बड़ी संख्या मे बच्चे चित्रकला में भाग लेकर अपनी भावनाओ को ड्राईग सीट मे उकेरे। आज की पाठशाला में बच्चों के साथ बंदर, गोरिल्ला तथा मिकी माउस झुमते नजर आये।

महापौर मधुसूदन यादव एवं आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं पार्षदों के साथ मस्ती की पाठशाला में आये लोगो से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने चित्रकला के बच्चों को पुरूस्कार भी दिए। इस अवसर पर महिलाओ एवं युवाओ ने मस्ती की पाठशाला आयोजित करने पर उन्हें धन्यवाद देते हुए पाठशाला की सराहना की।

महापौर श्री यादव ने कहा कि हर रविवार के मस्ती की पाठशाला में बढ़ते भीड़ को देखकर लगता है कि छोटे बड़े सभी में स्वस्थ मनोरंजन के लिए उत्साह है। सुबह से ही बच्चे एवं युवा बडी संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि अगले रविवार को अंतिम मस्ती की पाठशाला रहेगी। मैं सभी से निवेदन करता हूॅ कि परिवार सहित उपस्थित होकर पाठशाला का आनंद उठावे।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोग पहुॅच रहे है, यह देखकर पाठशाला की सफलता दिख रही है। उन्होंने कहा कि शहर के समाजिक एवं खेल जगत के लोगो के सहयोग से मस्ती की पाठशाला का सफल आयोजन किया जा रहा है। पाठशाला के सफल संचालन के लिए निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए है, अगले रविवार को अंतिम पाठशाला में भी सभी का सहयोग अपेक्षित है।

आज के पाठशाला की सफलता में बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास तथा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ग्रुप, मदर टेरेसा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, रनर ग्रुप के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो का सहयोग रहा। मस्ती की पाठशाला में पार्षदों सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो ने परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विश्व सायकल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**फिट इंडिया संडे ऑन सायकल रैली में खिलाड़ियों, जवानों एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, स्वस्थ जीवन के लिए नियमित सायकल चलाना आवश्यक - मधुसूदन यादव**



**राजनांदगांव (दावा)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन तथा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव एवं स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सायकल दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में 'फिट इंडिया संडे ऑन सायकल' कायक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण तथा सायकलिंग के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों, आईटीबीपी के जवानों, पुलिस विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सायकल रैली में शामिल होकर नियमित व्यायाम एवं सायकलिंग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं, जिसके कारण अनेक प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान का उद्देश्य लोगों को नियमित शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। 'सेहत की डोज, आधा घंटा रोज' का संदेश प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। यदि प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा सायकल चलाई जाए तो शरीर स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान बना रहता है। उन्होंने कहा कि सायकल चलाना केवल एक खेल या शौक नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज़ अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा पूरे देश में प्रत्येक रविवार को 'फिट इंडिया संडे ऑन सायकल' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम लोगों को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। विश्व सायकल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में खिलाड़ियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोग अब स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में सायकलिंग को शामिल करने का आग्रह किया।

आईटीबीपी कमांडेंट मनोज बहुगुणा ने कहा कि अनुशासित जीवनशैली ही स्वस्थ जीवन का आधार है। नियमित व्यायाम, खेल गतिविधियों और सायकलिंग के माध्यम से हम स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को देखते हुए भी सायकल का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। सायकल न केवल स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

समाजसेवी प्रदीप शर्मा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया अभियान ने लोगों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' का संदेश आज देश के कोने-कोने तक पहुंच रहा है और बड़ी संख्या में लोग इससे प्रेरित होकर नियमित व्यायाम एवं सायकलिंग अपना रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर एवं निर्धारित मार्ग पर सायकल रैली निकालकर फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली में शामिल खिलाड़ियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई तथा नियमित सायकल चलाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नगर निगम अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद सुनील साहू अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रेखा पदम,सब इंस्पेक्टर पीटीएस अनीता साहू,, अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शबनम अंसारी, आबिद बेग, ममता गुप्ता, अनुराज श्रीवास्तव, अशोक सेन , अजय लोहार, मुरली भारद्वाज, ऋषि मेश्राम, राहुल साहू, संध्या पदम, शकील अहमद, परमजीत सिंह, राजेश निर्मलकर, तरण सिंह, दिव्या धारावत, सुखदेव राउत, अर्चना चौधरी, कृष्णा यादव, प्रियंका चौराया, वीर सिंह, रूपेंद्र साहू, दिलीप कछम, कलाराम साहू, संतु मरकाम, वीरेंद्र सिन्हा, लेखराम देवांगन, जय हिंद निषाद, कुमारू राम पटेल सहित विभिन्न खेल संघों के खिलाड़ी, प्रशिक्षक, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## मार्कफेड के संचालक मंडल की बैठक संपन्न



**रायपुर (दावा)।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के मुख्यालय नवा रायपुर में गत दिनों संचालक मंडल की बैठक संपन्न हुई ।जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से मार्कफेड के प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी जी प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला एवं अपर आयुक्त सहकारिता सावित्री भगत , सचिव भूपेन्द्र सिंह ठाकुर आदि अधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित रहे ।बैठक में आगामी खरीफ विपणन वर्ष की तैयारी को लेकर कार्ययोजना बनाई गई तथा धान उपार्जन एवं उठाव की समीक्षा की गई। जिसमें धान उपार्जन केंद्रों तथा संग्रहण केंद्रों में शेष बचे धान के उठाव एवं निराकरण किए जाने के कड़े निर्देश दिए गए । साथ ही रासायनिक खाद के भंडारण एवम् वितरण एवं नैनो उर्वरकों की भी समयावधि में सभी सहकारी समितियों में आपूर्ति की जाए, इन सभी विषयों की विस्तृत चर्चा की गई। श्री द्विवेदी ने बताया कि संचालक मंडल की बैठक में कर्मचारियों के कल्याण तथा सेवा शर्तों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए। श्री द्विवेदी ने बैठक में लिए गए सभी निर्णयों के समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए।

### साले ने अपने जीजा के घर को लगाई आग, आरोपी साले को पुलिस ने भेजा जेल

**राजनांदगांव (दावा)।** चिखली क्षेत्र में एक साले ने किसी बात पर अपने जीजा से ख़फ़ा होकर उसके घर को आग में झोंक दी। जीजा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी साले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर जेल की सीखचों में भेज दिया है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि साला द्वारा अपने जीजा से मारपीट किए जाने पर जीजा द्वारा रिपोर्ट लिखाने की बात पर आरोपी साला नाराज होकर उक्त आगजनी की घटना को अंजाम दिया। उक्त घटना के संबंध में प्रार्थी द्वारा चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह अपने मोहल्ले मे बैठकर घरेलू बातचीत कर रहा था उसी समय उसके रिस्ते का साला रिस्ता नेताम शराब के नशे मे आकर मां -बहन की अश्लील गाली गुप्तार करने लगा। मना करने पर और अधिक उत्तेजित होकर हाथ मुक्का से मारपीट कर गाल मे नुकीली वस्तु से वार कर चोट पहुचाया। जिसकी रिपोर्ट लिखाने चौकी चिखली आने पर उसी दौरान प्रार्थी के साला रिस्ता नेताम घर मे आग लगा दिया। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर धारा 296,115(2),326(जी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।







**PUBLIC NOTICE**

I, Gurpreet Kaur Kanjwani, daughter of Mahendra Singh Kanjwani, resident of Street No. 6, Lal Bagh, Rajnandgaon, Chhattisgarh – 491441, hereby declare that my name is recorded as "Gurpreet Kaur" in my educational certificates/ mark-sheets, whereas my correct and complete name as per Aadhaar Card and other government documents is Gurpreet Kaur Kanjwani. Similarly, my father's name is recorded as "Mahendra Singh" in certain documents, whereas his correct and complete name is "Mahendra Singh Kanjwani". Both the names "Gurpreet Kaur" and "Gurpreet Kaur Kanjwani" refer to one and the same person. Likewise, "Mahendra Singh" and "Mahendra Singh Kanjwani" refer to one and the same person. Henceforth, I shall be known and identified by the name "Gurpreet Kaur Kanjwani" for all official and legal purposes.

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

456-5 280-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अवैध रूप से डीजल ब्रिकी व भंडारण करने वाला ढाबा संचालक धरा गया

**राजनांदगांव (दावा)।** चिचोला पुलिस व स्पेशल टीम डोंगरगढ़ डिवीजन द्वारा अवैध रुप से डीजल की बिक्री और भंडारण करने वाले आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई करते हुए उन्हें धर दबोचा है और जेल की सीखचों में भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नौ नग जेरीकेन व नौ प्लास्टिक केन 20-20 लीटर वाली में कुल 610 लीटर डीजल कीमत 62830 रू एवं ब्रिकी रकम 500 रूपये जप्त की है। इस प्रकरण में पुलिस ने जहां आरोपी को गिरफ्तार किया, वहीं मुख्य आरोपी अतीक खान उर्फ जुम्मन फरार बताया जाता है, जिसकी पता तलाश की जा रही है।



चिचोला पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर कि यूपी प्रतापगढ़ ढाबा (जुम्मन ढाबा) रामपुर (खातुटोला) पाटेकोहरा बेरियर के पास में ढाबा संचालक द्वारा अपने ढाबा में अवैध रूप से डीजल का भंडारण कर अवैध रूप से आने जाने वाले ट्रकों के ड्रायवरों को बेचकर अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है। उक्त सूचना पर स्पेशल टीम डोंगरगढ़ डिवीजन व पुलिस चौकी चिचोला के द्वारा यूपी प्रतापगढ़ ढाबा (जुम्मन ढाबा) रामपुर (खातुटोला) पाटेकोहरा बेरियर के पास रेड कार्यवाही किया गया।

**मौके पर धरा गया डीजल बेचने वाला**

पुलिस पार्टी के अचानक छापेमारी से डीजल खरीदने वाला यह आरोपी पीछे के रास्ते खेत जंगल की ओर भाग गये। मौके पर एक व्यक्ति डीजल बेचने वाला मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम बहादुर अली पिता स्व. साकिर अली उम्र 50 साल पता वर्तमान पता यूपी पाटेकोहरा बेरियर के पास तथा स्थायी पता ग्राम माचा पोष्ट खम्हरिया थाना मौदहा जिला हमीरपुर बताया। इस दौरान पूछताछ करने पर बहादुर अली के कब्जे से 01. नीला कलर प्लास्टिक के जर्रीकेन मे भरा 60-60 लीटर डीजल दो नग जेरीकेन कुल 120 लीटर डीजल, 02 नीला कलर प्लास्टिक के जेरीकेन में भरा 50-50 लीटर डीजल, तीन नग जेरीकेन कुल 150 लीटर डीजल, नीला कलर प्लास्टिक के जेरीकेन मे भरा 40-40 लीटर डीजल चार नग जर्रीकेन कुल 160 लीटर डीजल, सफेद प्लास्टिक का केन में भरा भरा 20-20 लीटर डीजल नौ नग प्लास्टिक केन कुल 180 लीटर कुल 610 लीटर डीजल कुल कीमत 62830 रूपये एंव डीजल ब्रिकी रकम 500 रूपये

**आरटीओ बेरियर के पास ट्रकों के ड्रायवरों को डीजल बेचकर अवैध धन लाभ अर्जित करता था ढाबा संचालक**

कुल 63,330 रूपये का मिला। बरामद डीजल के रखने एंव बेचने के संबंध में बहादूर अली से पूछताछ नोटिस दिया जो लिखित में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना व उक्त डीजल अतिक अहमद उर्फ जुम्मन खान के ढाबा में मैनेजर का काम 15 हजार रूपया प्रतिमाह की दर से करता हूॅ एवं ढाबा में डीजल का देखरेख व खरीदी ब्रिकी का काम करता है। इससे आरोपी का कृत्य अपराध सदर धारा आवश्यक वस्तु अधि0 1955 की धारा 3,7 घटित पाये जानें से आरोपी बहादूर अली पिता स्व. साकिर अली उम्र 50 साल को गिरफतार किया गया और न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। वहीं मुख्य आरोपी अतीक खान उर्फ जुम्मन पिता रफीक खान निवासी रामपुर खातूटोला का पता तलाश जारी है।

# दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के बच्चों की नैसर्गिक क्षमता, प्रतिभा एवं आत्मविश्वास हो रहा अभिव्यक्त - डॉ. रमन सिंह

## लक्ष्य बनाकर चलें और मेहनत एवं लगन से करें पढ़ाई, विधानसभा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं का बढ़ाया हौसला, बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज स्पीकर हाऊस राजनांदगांव में छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज यहां दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से आए वनांचल क्षेत्रों के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। ऐसे बच्चों को मंच में सुनकर यह महसूस होता है कि एक आत्मविश्वास कैसे जाग्रत होता है। दूरस्थ वनाचंल क्षेत्रों में उनके अभिभावक तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं। जहां सुविधाओं की कुछ कमी के बावजूद ये अपने परिश्रम से उत्कृष्ट अंक लेकर आते है और अध्ययन के क्षेत्र में शहर के बच्चों को चुनौती देते हैं तथा आगे बढ़ते हैं। जो उनकी नैसर्गिक क्षमता, प्रतिभा एवं आत्मविश्वास को अभिव्यक्त करती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि लक्ष्य बनाकर चलें और मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि केवल डॉक्टर व इंजीनियरिंग ही नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रोफेसर, वकील, शिक्षक एवं समाज के अन्य क्षेत्रों में सेवा करते हुए देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि वनवासी भाई-बहनों के तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान कंकड़ के चुभने से संक्रमण फैल जाता था। इससे बचाव के लिए चरण पादुका योजना लायी गई। जंगल में निवास करने वाले वनवासियों को चप्पल दिए गए। उन्होंने बताया कि प्रयास विद्यालय दंतेवाड़ा में प्रारंभ किया गया था एवं एजुकेशन हब के माध्यम से बड़ी संख्या में बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तेंदूपत्ता की दर में वृद्धि की गई है। प्रतिमानक दर 1000 रूपए से बढ़ाकर 5500 रूपए की गई है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सफलता के नए आयाम प्राप्त करें। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने बालिका नम्रता नेताम एवं प्रेरणा साहू को निस्संकोच होकर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात कहने के लिए हौसला बढ़ाया। बालिकाओं ने बताया कि वे डॉक्टर बनना चाहती हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपनी सेवाएं दें। विधानसभा अध्यक्ष ने हितेश को लकी क्वाईन दिया और अच्छे से मन लगाकर पढने् के लिए कहा।







विधानसभा अध्यक्ष छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि तेंदूपत्ता के लाभांश की राशि छात्रवृत्ति की राशि का सदुपयोग करते हुए बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। शासन की योजना अंतर्गत चरण पादुका, साड़ी वितरण, शिक्षा प्रोत्साहन योजना, प्रयास आवासीय विद्यालय के माध्यम से वनवासियों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए कार्य किया गया। वही बच्चों की शिक्षा के लिए भी कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार जनमानस के जीवन स्तर को अच्छा बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़ें और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देकर देश सेवा का कार्य करें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि वनांचल क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देने के लिए छात्रवृत्ति हेतु शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत अच्छी पहल की गई है। जिससे शैक्षणिक कार्य में बच्चों को मदद मिल रही है। आर्थिक तौर पर कमजोर तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के लिए यह राशि मददगार है।

वनमंडलाधिकारी आयुष जैन ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए शिक्षा प्रोत्साहन योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लघु वनोपज तेंदूपत्ता, जिसे हरा सोना भी कहा जाता है। ग्रामीण परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण स्रोत है। वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता संग्रहण सत्र में जिले में कुल 16517.502 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। संग्रहण कार्य में कुल 18412 संग्राहक परिवार भाग लिया। जिसके अंतर्गत संग्रहण परिश्रामिक भुगतान योग्य 9 करोड़ 8 लाख 46 हजार 360 रूपए निर्धारित की गई है। तेन्दूपत्ता संग्रहकों को संग्रहण पारिश्रमिक के साथ-साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। जिसमें संग्राहक परिवार के बच्चों को शिक्षा में प्रोत्साहन देने के लिए छात्रवृत्ति योजना संचालित है। जिला यूनियन राजनांदगांव अंतर्गत वर्ष 2025 में 448 छात्र-छात्राओं को 60 लाख 81 हजार रूपए का भुगतान किया गया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, डॉ. रेखा मेश्राम, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीओपी वन विभाग योगेश साहू, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही बच्चे एवं नागरिक उपस्थित थे।

# जब तक भव्य आत्माएं धर्म एवं संघ के रास्ते में नहीं चलती तब तक हम दुख-कष्ट से मुक्ति नहीं पा सकेंग

## बिहार सेवा ग्रुप के अधिवेशन में नूतन आचार्य सम्यक रतन जी ने कहा



**राजनांदगांव (दावा)।** जैन बगीचे के नए हाल में आज महाकौशल बिहार सेवा ग्रुप का अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन को संबोधित करते हुए नूतन आचार्य सम्यक रतन जी ने कहा कि जब तक भव्य आत्माएं धर्म एवं संघ के रास्ते में नहीं चलती तब तक हम दुख कष्ट से मुक्ति नहीं पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें भगवान महावीर के परिवार के सदस्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिसका लाभ हमें उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैनों को दया,धर्म की संपत्ति जन्म से ही मिली है, हमें इस मार्ग पर चलना चाहिए और धर्म को मजबूत बनाने के लिए हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए।

जैन आचार्य ने कहा कि विहार सेवा ग्रुप कल्पवृक्ष के समान है। जिस तरह कल्पवृक्ष के सामने में जो मांगो वह मिल जाता है, इस तरह विहार सेवा ग्रुप के सदस्यों से हमें भी अपने आवश्यकता की वस्तु मिल जाती है। विहार सेवा वाले जो रास्ता दिखाते हैं वही उन्हें मोक्ष मार्ग की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि आप आत्म साधना का पुरुषार्थ करते हैं। वि हार ग्रुप के जिन सदस्यों को वि हार करना होता है उन्हें रात्रि 11 बजे के बाद अपने शरीर को पूर्णतः विश्राम देना चाहिए। हमारा लक्ष्य धर्म करना, धर्म करवाना और धर्म करने वालों की अनुमोदना करना होना चाहिए ।

जैन आचार्य श्री सम्यक रत्न जी सागर के सम्मुख विहार ग्रुप को राजनांदगांव निवासी पारस झाबक ने पारडी नागपुर स्थित अपने मकान को और उसके रिनोवेशन के लिए भी रुपए देने की घोषणा की। अधिवेशन को रायपुर से आये राजेश बुरड के अलावा दुर्ग रायपुर एवं अन्य स्थानों से आए विहार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने भी संबोधित किया। राजनांदगांव विहार सेवा ग्रुप के मोहिल कोटड़िया ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं जैनम बैद ने कहा कि प्रत्येक घर से एक-एक सदस्य यदि संघ से जुड़ जाए तो संघ और मजबूत हो जाएगा। गुजरात से आए मोक्षेश मोदी ने कहा कि बिहार पर निकले संतो के साथ एक्सीडेंट व अन्य घटना रोकने के लिए वह प्रयासरत है और इसके लिए वे और उनके साथियों ने एक डिवाइस भी तैयार किया गया जिसका संबंध सीधे कंट्रोल रूम से है। संत महात्मा यदि रास्ता भटक जाते हैं तो इस डिवाइस के जरिए उन्हें रास्ता बताया जा सकता है साथ ही उनकी सुरक्षा भी निर्धारित की जा सकती है। नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन ने भी अधिवेशन को संबोधित किया और कहा कि संतों की सुरक्षा के लिए पुलिस भी प्रतिबद्ध है। अधिवेशन के दौरान विभिन्न स्थानों से आए वि हार सेवा ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## जनदर्शन में नहीं हुई कार्रवाई, सुशासन तिहार शिविर में गूंजी समाधान की मांग

**राजनांदगांव (दावा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बसंतपुर वार्ड के कोड़ीखाना क्षेत्र में कथित अवैध पेड़ कटाई, मुरूम खनन एवं शासकीय भूमि पर कब्जे के मामले को लेकर क्षेत्रवासियों ने सुशासन तिहार शिविर पहुंचकर छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत के समक्ष लिखित शिकायत सौंपते हुए तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्रवासियों ने बताया कि कोड़ीखाना क्षेत्र में लंबे समय से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां संचालित हो रही हैं। बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई, मुरूम के अवैध उत्खनन तथा शासकीय भूमि पर कब्जे जैसी शिकायतों से स्थानीय नागरिकों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि इन गतिविधियों से क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है और भविष्य में गंभीर पर्यावरणीय संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि पूर्व में भी जनदर्शन के माध्यम से जिलाधीश को शिकायत पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# चिखली मुक्तिधाम में चला स्वच्छता अभियान, शक्तिधाम समिति ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



## सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की गई अपील

**राजनांदगांव (दावा)।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम, बाबूटोला द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई। इसी कड़ी में रविवार को चिखली मुक्तिधाम परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता और हरियाली का संदेश दिया गया।

गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में समिति के सदस्यों ने मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई कर लोगों से भी सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। इस दौरान गुरुदेव श्री यादव ने कहा कि अघोर परंपरा में श्मशान का विशेष महत्व है। यह केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र ही नहीं, बल्कि जीवन के अंतिम सत्य का बोध कराने वाला पवित्र स्थल भी है। इसलिए ऐसे स्थानों की स्वच्छता और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आगामी रविवार को रेलवे स्टेशन में यात्रियों को शीतल जल वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार को शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित मुक्तिधामों और श्मशानों में सफाई अभियान चलाने तथा वृक्षारोपण करने की योजना बनाई गई है। लगाए जाने वाले पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी स्थानीय सदस्यों को सौंपी जाएगी, ताकि पौधों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

अभियान में शहर के समाजसेवी एवं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. उत्तम चावड़ा ने भी सहभागिता निभाई। वहीं समिति के दुर्गा यादव, कौशल मानिकपुरी, पिंटू देवांगन, श्रेष्ठा यादव, कृष्टि बरसागढ़े, सिद्धार्थ, पिंटू निषाद, प्रशांत वर्मा, चंद्रेश साहू, किशन चौरसिया, लव यादव, बिट्टू रामटेके, राकेश देवांगन, श्यामू साहू, लक्की धनकर, विक्रांत यादव, आशीष साहू, युवराज, अक्षय देवांगन सहित अनेक सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

गुरुदेव श्री यादव ने नागरिकों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की सहभागिता से ही स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है। समिति की यह पहल शहर में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# डॉ.जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा



**राजनांदगांव (दावा)।** स्थानीय शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लालबाग, राजनांदगांव) ने इस शैक्षणिक सत्र में सफलता ध्वज स्थापित किया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपनाए जा रहे 'बेस्ट प्रैक्टिसेज' के चलते इस वर्ष स्कूल में रिकॉर्ड दाखिले दर्ज किए गए हैं। नए सत्र की शुरुआत में ही प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि यह स्कूल अभिभावकों की पहली पसंद बन चुका है। शिक्षकों और प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल के कुशल मार्गदर्शन में स्कूल ने शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया है। स्कूल की इस अभूतपूर्व सफलता के पीछे निम्नलिखित मुख्य कारण हैं।

### स्मार्ट और हाई-टेक एजुकेशन

स्कूल ने अपने क्लास रूम्स को पूरी तरह से टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड बना दिया है। इसके अलावा, यहाँ की अत्याधुनिक साइंस और कम्प्यूटर लैब्स बच्चों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर प्रैक्टिकल नॉलेज देती हैं। एकता खण्डेलवाल ने बताया कि क्रिएटिव टीचिंग और अनुभवी शिक्षक- स्कूल के पास उत्साही और प्रशिक्षित शिक्षकों की एक मजबूत टीम है, जो हर बच्चे की व्यक्तिगत क्षमता को पहचानकर उसे रचनात्मक तरीके से पढ़ाते हैं। खेल और सर्वांगीण विकास-स्कूल बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। यहाँ खेलकूद की विश्वस्तरीय सुविधाएं और विभिन्न हॉबी क्लासेस संचालित की जाती हैं। सुरक्षित और हरा-भरा वातावरण-पर्यावरण के अनुकूल लश ग्रीन कैम्पस और पूरी तरह सुरक्षित कैंपस होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर निश्चिंत हैं।

### बच्चों के भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करना - संजय बहादुर

स्कूल प्रबंधक संजय बहादुर सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अभिभावकों का आभार जताया है। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य केवल साक्षर करना नहीं, बल्कि बच्चों को भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करना है। इस वर्ष हुए एडमिशंस हमारे इसी संकल्प और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति अभिभावकों के भरोसे का प्रतीक हैं। शानदार संख्या में हुए दाखिलों से यह स्पष्ट है कि डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल ने राजनांदगांव ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक परिदृश्य में अपनी एक अलग और मजबूत पहचान बना ली है। अध्यक्षा डॉ.सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, महिला निदेशक श्रीमति मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, जाह्नवी सिंह, वित्त प्रभारी डॉ. आई.के. वैष्णव, प्राचार्य अभिषेक खण्डेलवाल, एकता खण्डेलवाल, सोनल अंजोरियो, डॉ. अनुराधा शुक्ला, उपप्राचार्या डॉ. ममता मिश्रा, यामिनी साहू, एचएम सरिता सिंह ने बधाईयां दी।

# श्री नारायण महामहोत्सव में पहुंचे सांसद संतोष पांडे



## भक्तों के अनुरोध पर सुनाया सुमधुर भजन, शाकंभरी माता पाठ में आकाश शर्मा व शुभम शर्मा की मनमोहन प्रस्तुति

**राजनांदगांव (दावा)।** श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के भवन व्यवस्था प्रभारी नीतीश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल शर्मा ने बताया कि पावन पुरुषोत्तम मास में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री नारायण भक्ति की अविरल अमृत धारा में संस्कारधानी की सुप्रसिद्ध हरि सत्संग भजन मंडल के गुरुजी रूपेश टांक योगेश अग्रवाल दिलीप गुप्ता, जयराज चौथवानी ने भक्ति भजन अमृत त्रिवेणी गंगा का ऐसा समां बांधा उपस्थित भक्तों का विशाल जन समूह उपस्थित नेतागण भी प्रभु की भक्ति में लीन हो गए भक्त और भगवान के मंगल मिलन पर पुरुषोत्तम मास आनंद उमंग उत्साह में समर्पित दिव्य ज्ञान गंगा प्रवाहित हो रही है।

इस अवसर पर पहुंचे नेता सांसद संतोष पांडे, किशन खंडेलवाल पूर्व सदस्य खाद एवं ग्रामोद्योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन, श्रीमती पूर्णिमा साहू अध्यक्ष राजगामी संपदा छत्तीसगढ़ शासन, उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी, राजनंदगांव डॉ.अतुल देशकर मेडिकल कॉलेज अधीक्षक राजनांदगांव, हरीश शर्मा सांसद प्रतिनिधि, श्रीमती वर्षा शरद सिंनहा एमआईसी मेंबर नगर पालिक निगम, अमित खंडेलवाल अध्यक्ष लायंस क्लब राजनंदगांव, साथ ही महाकाल सेवा के राजू डागा, अशोक पांडे शरद सिनहा सहित सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र दुपट्टा एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष हरीश अग्रवाल कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों सहित योगेश खत्री द्वारा स्वागत किया गया। भक्तों के अनुरोध पर सांसद ने सुनाया भजन, भजन रस गंगा अमृत धारा में नारायण भक्ति में भक्तगण उत्सव प्रभारी विजय खंडेलवाल ने कहा कि सातवें दिवस शाकंभरी माता कि दिव्य ज्योति जलाकर अपनी सु मधुर स्वर वाणी में आकाश शर्मा शुभम शर्मा ने माता रानी के दिव्य भजन गाये ममतामई करुणामई मां की आराधना का मंगल पाठ सहयोगी शाकंभरी माता महिला मंडल परिवार राजनांदगांव रहा। भवन व्यवस्था प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि अष्टम दिवस 8 जून को मां जीण भवानी का भव्य दरबार की झांकी सजेगी जीण माता पाठ प्रस्तुति राधा अग्रवाल गोंदिया महाराष्ट्र मुखारविंद से होगी। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुद्वारा साहिब परिसर में हुआ वृक्षारोपण, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं उत्तर मंडल ने किया आयोजन

**राजनांदगांव (दावा)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जून से 21 जून 2026 तक विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 6 जून 2026 को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा एवं भाजपा उत्तर मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में



वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर तथा वहां उपस्थित गुरु घर के सेवादारों एवं सदस्यों से आत्मीय भेंट कर की गई। गुरुद्वारा परिसर में तीन नीम के पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण से पूर्व गुरुद्वारे के ज्ञानी सतपाल सिंह द्वारा अरदास की गई तथा उनके करकमलों से पौधों का रोपण संपन्न हुआ। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा कमेटी के सचिव ऋषि सिंह भाटिया, कोषाध्यक्ष हरमीत सिंह चावला (मिक्की वीर), हरविंदर सिंह बिट्टी वीर तथा सरदार सुखबीर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**MSDAC (एक सेट 6Quad Cable) बदलने हेतु ई-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य एस&टी अभियंता (पी), द.पू.म. रेलवे, नागपुर द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित हैं:

**निविदा क्र.:** 06-NGP-PROJ-ST-2025-26

**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में कलमना (KAV) डिपो - दुर्ग (DURG) सेक्शन (UP/DN/JOINT लाइन) में MSDAC बदलने का काम (एक सेट 6Quad Cable को पूरी तरह बदलना)।

**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,82,70,795/-

**बयाना राशि:** ₹ 2,01,65,400/-

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक 22.06.2026 के 15:00 बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। निविदा अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है, सभी मैन्युअल ऑफर्स अस्वीकार कर दिए जाएंगे। विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

उप मुख्य एस&टी अभियंता (पी), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

FL/23-92

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

> क्रोध एक ऐसी अग्नि है जो सबसे पहले उसी को जलाती है, जिसमें वह पैदा होती है।

## सम्पादकीय

# ट्रम्प दुविधा में: ईरान अपनी शर्तों में अडिग भारत सहित दुनिया में महंगाई का कद बढ़ा

रूस-यूक्रेन और अमेरिका-ईरान का अनिश्चितकाल तक चल रहा। युद्ध प्रतिदिन एक नया समाचार लेकर आता है। उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प नीत नए-नए बयान देकर पूरे विश्व में परेशानी का सबब बना हुए हैं। एकाएक युद्ध बंद होने की उम्मीदें निराशा में तब्दील हो जाती है। युद्धग्रस्त चारों देशों में समझौते की बिजली चमकती है और फिर गायब हो जाती है। बाद में फिर चमकने लगती है।

इसके पीछे का महत्वपूर्ण कारण है "ईगो" और "जिद्दी" स्वभाव। इनमें अमेरिका और ईरान दोनों ही अपने को जीता हुआ मानते हैं और ऐसा ही जाहिर भी करते हैं। फलस्वरूप, समझौते जैसी बातें थोड़े कदम आगे बढ़ती है और फिर रास्ता बदल जाता है। ऐसा पिछले एक माह से हो रहा है। दिलचस्प यह कि गत दिनों अमेरिकन संसद ने युद्ध रोकने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया, जो ट्रम्प के लिए किसी झटके से भी कम नहीं है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि युद्ध की बात को दरकिनार करके देखें तो यह स्पष्ट समझ में आता है कि, दोनों ही देश युद्ध विराम चाहते हैं। किन्तु, बात हार्मुज स्ट्रेट के मसले पर आकर अटक जाती है। हार्मुज की समस्या से ही पूरे विश्व में ऊर्जा संकट छाया हुआ है। इस युद्ध से अमेरिका खुद भी प्रभावित है।

पश्चिम एशिया आज ऐसे मोड़ पर आकर खड़ा है, जहां युद्ध और शान्ति के बीच का अन्तर बहुत कम है। पिछले एक माह से भी अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से बातचीत चल रही है। किन्तु, कोई ठोस परिणाम नहीं आ रहा है। क्योंकि, दोनों ही देश अपने-अपने शर्तों पर अडिग हैं जिद्दी हैं। लेकिन, छिटपुट युद्ध को दरकिनार करें तो दर्शाता है कि दोनों ही पक्ष युद्ध विराम बनाए रखने में सफल रहे हैं। किन्तु, पुरी दुनिया स्थित शान्ति की राह तक रहा है।

दोनों ही देशों के विवाद के केन्द्र में हार्मुज है। जिस पर आर्थिक बाबतें और राहतें अटकी हुई हैं। हार्मुज के विवाद ने पूरी दुनियां को महंगाई की आग में झोंक दिया है। जिसमें भारत भी अपवाद नहीं है। इसके कारण, अमेरिका-ईरान युद्ध अब मात्र दोनों देशों तक के बीच सीमित नहीं है, किन्तु, पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। इसीलिए ही अमेरिकी संसद ने राष्ट्रपति ट्रम्प को कहा है कि अब 'रूक जाओं' बहुत हुआ। युद्ध का निर्णय संसद लेगा।

इस दौरान यह भी स्पष्ट हुआ है कि डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका पर यह युद्ध इजराइल के हितों की रक्षा के लिए थोपा है। डोनाल्ड ट्रम्प की इस कारण अमेरिका में लोकप्रियता कम हो गई है। इसके पीछे के ये ही कारण जवाबदार हैं। एक बात यह भी चर्चा में है कि, नेतन्याहु और यहुदी लाबी ट्रम्प के पास से अपना मनमाना काम करवा रहे हैं। इसकी संभावना यह भी दिखा रही है कि कहीं "एपस्टीन" फाइल्स ट्रम्प को सभी कुछ मानने के लिए विवश कर रही है। यद्यपि, अब ट्रम्प को भी सब कुछ समझ में आ गया है। वे दुविधा में हैं। संसद के रवैये के बाद उनका निर्णय क्या होता है? यह महत्वपूर्ण है। ट्रम्प और नेतन्याहु के बीच के संबंध भी अब काफी बिगड़ चुके हैं।

# एआई का जनजातीय भाषाओं में संवाद: समावेशी विकास का द्योतक

**श्रीमती रंजना चोपड़ा**

हमारे देश भर में फैले जंगलों, पहाड़ियों और दूरदराज की बस्तियों में, एक शांत लेकिन सफल परिवर्तन चल रहा है। जनजातीय समुदाय लंबे समय से भारत की विकास गाथा के केंद्र में अपने उचित स्थान का इंतजार कर रहे थे। आज वे राष्ट्र की प्रगति के सक्रिय वास्तुकार के रूप में उभर रहे हैं। जनजातीय गरिमा उत्सव की यही भावना है- विकसित भारत की यात्रा का एक राष्ट्रीय उत्सव, जहां प्रगति भूगोल या परिस्थिति का विशेषाधिकार नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का समान रूप से अधिकार है।



### महत्वाकांक्षा का पैमाना

यह समझने के लिए कि प्रौद्योगिकी जनजातीय विकास के लिए अपरिहार्य क्यों हो गई है, किसी को पहले चुनौती की व्यापकता को समझना चाहिए। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन), धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए), राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन और संबंधित पहलों में 549 जिलों और 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2,911 ब्लॉकों के 63,000 से अधिक गांवों को शामिल किया गया है, जिससे 5.5 करोड़ से अधिक आदिवासी नागरिक लाभान्वित हुए हैं। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) पर विशेष ध्यान देने के साथ, इन प्रयासों का उद्देश्य आवास, पेयजल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कनेक्टिविटी और आजीविका जैसी आवश्यक सेवाओं का सम्पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करना है। इस तरह के विविध और विस्तृत इलाके में हर परिवार तक पहुंचने के लिए ऐसी प्रणाली की आवश्यकता होती है जो डेटा-संचालित, कनेक्टेड और उत्तरदायी होती है और यही हम तैयार कर रहे हैं।

इस वर्ष जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन लगभग चार विषयगत सप्ताह के आसपास किया जा रहा है, जो एक साथ जनजातीय विकास के पूर्ण आयाम को दर्शाते हैं। उद्घाटन का विषय, विकास के एक वाहक के रूप में प्रौद्योगिकी, इस बात को दर्शाता है कि कैसे डिजिटल सिस्टम, विज्ञान और नवाचार भारत के कुछ दूरस्थ समुदायों तक शासन और अवसर का विस्तार करने में मदद कर रहे हैं। इस दृष्टिकोण के केंद्र में एक सरल सिद्धांत निहित है- जनजातीय भाषाओं, संस्कृतियों, विरासत और पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का पर्याप्त सम्मान करते हुए विकास को अंतिम दूरी तक पहुंचना चाहिए।

### प्रौद्योगिकी द्वारा जनजातीय गरिमा को बढ़ावा

उद्देश्य के साथ निर्देशित होने पर प्रौद्योगिकी क्या हासिल कर सकती है, इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण बिरसा 101 यानी सिकल सेल रोग के लिए भारत की पहली स्वदेशी सीआरआईएसपीआर-आधारित जीन थेरेपी है। सिकल सेल रोग लंबे समय से जनजातीय आबादी के लिए स्वास्थ्य की एक बड़ी चुनौती पेश कर रहा है और भारत अब समानता और पहुंच में निहित उन्नत विज्ञान के साथ उस चुनौती का जवाब दे रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से अनुसंधान, नैदानिक परीक्षण इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का समर्थन करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। सीएसआईआर-आईजीआईबी में हाल ही में एक संगोष्ठी में वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और सिकल सेल योद्धाओं को एक साथ लाया गया, जो वैज्ञानिक प्रगति और प्रयासों के पीछे की मानवीय तात्कालिकता दोनों को दर्शाता है।

साझा लक्ष्य स्पष्ट है- एक किफायती, एकमुश्त उपचारात्मक उपचार विकसित करना जो जरूरतमंद हर आदिवासी परिवार तक पहुंच सके। बीआईआरएसए 101 केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि से भी बढ़कर है। यह एक घोषणा है कि भारत का सबसे उन्नत विज्ञान अपने सबसे पात्र समुदायों की सेवा करेगा।

यह दृढ़ विश्वास एक पहल से कहीं अधिक गहरा है। ट्रेडिशनल नॉलेज डिजिटल लाइब्रेरी (टीकेडीएल) और आयुर्जेनोमिक्स जैसे प्रयास दर्शाते हैं कि कैसे आधुनिक तकनीक आदिवासी समुदायों द्वारा लंबे समय से संरक्षित समृद्ध औषधीय और पारिस्थितिक ज्ञान के दस्तावेजीकरण, मान्यीकरण और संरक्षण में मदद कर सकती है।

समावेशन की यही भावना इस बात को आकार दे रही है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जनजातीय विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में, मंत्रालय ने एक सरल लेकिन दृढ विश्वास पर आधारित एआई-सक्षम प्लेटफार्मों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया कि भाषा एक बाधा नहीं है जिसे दूर किया जाना है, बल्कि एक पहचान है जिसका उत्सव मनाया जाना चाहिए। आदि वाणी, जनजातीय भाषाओं के लिए एआई-संचालित अनुवादक, टेक्स्ट-टू-टेक्स्ट और टेक्स्ट-टू-स्पीच अनुवाद, ओसीआर और आदिवासी भाषाओं में सरकारी योजना की जानकारी के वितरण का समर्थन करता है, जिससे नागरिकों को घर पर बोलने वाली भाषा में सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ने में सक्षम बनाया जाता है। ट्राइबॉट एक बहुभाषी संवादी एआई सहायक है, जो दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को तत्क्षण मार्गदर्शन और शिकायत निपटारे में सहायता प्रदान करके इस प्रयास को और मजबूत करता है। भगवान बिरसा मुंडा सेल और आईआईटी दिल्ली के साथ आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान भी इन प्रयासों पर चर्चा की गई, जो जनजातीय भाषाओं के दीर्घकालिक संरक्षण और सुदृढ़ीकरण सहित एआई के सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील और समुदाय-केंद्रित इस्तेमाल पर केंद्रित थी।

प्रौद्योगिकी सांस्कृतिक अभिकथन और आर्थिक सशक्तिकरण का एक शक्तिशाली माध्यम भी बन रही है। आगामी ट्राइबएक्स प्लेटफॉर्म का उद्देश्य जनजातीय कलाओं, भाषाओं, पारंपरिक ज्ञान, संगीत, शिल्प और सांस्कृतिक अनुभवों को बढ़ावा देने के लिए एक डिजिटल इकोसिस्टम बनाना है। इस प्रयास को पूरा करते हुए, जनजातीय भारत का प्रस्तावित जीआई संभावित कला और शिल्प एटलस भौगोलिक संकेत क्षमता के साथ जनजातीय हस्तशिल्प, वन उत्पादों और पारंपरिक कला रूपों का डिजिटल रूप से मानचित्रण करेगा, जिससे ब्रांडिंग, बाजार पहुंच और जनजातीय बौद्धिक विरासत की पहचान को मजबूत करने में मदद मिलेगी। पायलट आधार पर पांच राज्यों के जनजातीय अनुसंधान संस्थानों में इनोवेशन हब की योजना बनाई गई है, जो नवाचार के नेतृत्व वाले आदिवासी उद्यमियों और स्टार्टअप के लिए डिजाइन और उत्पाद विकास सहायता, जीआईएस-आधारित योजना डैशबोर्ड और इनक्यूबेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को जोड़कर और आगे बढ़ेंगे।

प्रौद्योगिकी जनजातीय समुदायों तक शासन के तरीके को समान रूप से बदल रही है। पीवीटीजी घरेलू सर्वेक्षणों के लिए पीएम-जनमन के तहत सर्वेक्षण सेतु दूरदराज के क्षेत्रों में कल्याण वितरण की तत्क्षण, जियो-टैग निगरानी को सक्षम बनाता है। 18 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश में संचालित, इस प्लेटफॉर्म ने 8,552 सर्वेक्षणकर्ताओं के समर्थन के साथ पहले ही 3.43 लाख घरेलू प्रस्तुतियां दर्ज की हैं। इस तरह की डेटा-संचालित प्रणालियां यह सुनिश्चित करने में मदद करती हैं कि प्रत्येक पात्र परिवार की पहचान की जाए और उसे आवश्यक सेवाओं से जोड़ा जाए। इसके साथ ही मंत्रालय दावा प्रस्तुतीकरण, जीआईएस-आधारित मानचित्रण, वर्कफ्लो की निगरानी और शिकायत निवारण को सुव्यवस्थित करने के लिए एक एआई-सक्षम वन अधिकार अधिनियम शासन मंच विकसित कर रहा है। साथ में, ये पहल आदिवासी नागरिकों के लिए शासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और सुलभ बना रही हैं। एक क्षण ऐसा होता है, जो उस सार को पकड़ लेता है, जिसके लिए हम काम कर रहे होते हैं। यह किसी नीतिगत दस्तावेज या मंत्रिस्तरीय समीक्षा में नहीं पाया जाता है। यह तब पाया जाता है जब दूरदराज की बस्ती की एक आदिवासी महिला, तकनीक से, भाषा से सशक्त होती है और उसे इस बात का अहसास होता हो कि उसकी बात को राष्ट्र सुन रहा है।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : दूसरों को ज्ञान देने से पहले यह देखें, सामने वाला ग्रहण करने तैयार है या नहीं

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मनुष्य जिस बात को स्वयं उचित समझता है, उसे दूसरे को समझाने, सिखाने का प्रयास करता है। वह ऐसा यह सोचकर करता है कि दूसरे उसके विचारों से लाभान्वित होंगे। इससे उनकी मदद हो जाएगी। सामने वाला गलती करने से बच जाएगा और उसका मार्गदर्शन होगा। यही सब विचारकर दूसरे व्यक्ति को ज्ञान बाँटा जाता है। अब ऐसा करने का उद्देश्य तो बढ़िया है, किंतु इसकी सफलता को लेकर कई स्थितियां निर्मित हो सकती हैं।

पहली संभावना यह हो सकती है, कि जिसे ज्ञान दिया जा रहा है, उसे इसकी आवश्यकता ही न हो। या वह पहले से ही इन सभी बातों को जानता हो। अतःपहले हम यह जान लें कि हमारा बोलना सार्थक होगा या अनर्गल।

दूसरा, सामने वाला किसी भी अच्छी बात को सुनने को तैयार हो, यह आवश्यक नहीं है। अगर वह बेमन से सुन रहा है, तो इससे बोलने और सुनने वाले दोनों का समय बर्बाद होगा।

तीसरा, सामने वाले को सचमुच इस ज्ञान की आवश्यकता हो, तो वह सुनने और सीखने को उत्सुक होगा। ऐसी स्थिति में आपका मार्गदर्शन सामने वाले के जीवन की दिशा बदल सकता है।

चौथा, जो ज्ञान दे रहे हैं, पहले उस पर स्वयं विश्वास करना और उसका पालन करना आवश्यक है। अन्यथा पर उपदेश, कुशल बहुतेरे वाली बात हो जाएगी।

बच्चों और किशोरों को ज्ञान देने के समय विशेष सावधानी बरतें। पहले उनकी बात सुनें, समझें, उनके अवस्थाजन्य आवेग का ध्यान रखें, फिर उन्हें उचित सलाह मित्रवत भाव से दें। तब आपकी बात सुनी जाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -062

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू- दोकू क्र.062

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |



## सामयिक चर्चा

# पौधा रोपण या प्रचार रोपण

अखबार पढ़कर
बानी ने कहा - "गजाधर!
ये कैसा पौधा रोपण?
न राम के नाम की हरियाली बची,
न कलाम का सपना,
न बौद्ध बिहार का।
आक्सीजन पार्क करोड़ों फूँक कर
उगा दी कागजी हरियाली।
कहीं सूखी मिट्टी हार्ड
तो कहीं टूटे ट्री गार्ड।
कहीं प्रोजेक्ट गायब!
फाइलों में जंगल बढ़े,
जमीन पर पेड़ मरे।
रायपुर, धमतरी, कोरिया के चार प्रोजेक्ट में
आठ करोड़ खर्च कर
लगाए एक लाख से ज्यादा पौधे
अधिकांश में सिर्फ ठूँठ ही बचे।
गजाधर! हम तो इसे पौधारोपण
एक विडम्बना कह रहे हैं।
आप क्या समझ रहे है?"
गजाधर मुस्कराए, बोले- "बानी!
हम तो आश्चर्य भी नहीं कर रहे है।
देखो, समारोह पूर्वक पौधा रोपण किया गया।
तालियां बजी। फोटो खींचे गये।
पार्टियाँ हुई। अखबारों में
आकर्षक तसवीरें छपी।
टीवी में खबर चलाएमान दिखी।
नेता प्रसन्न हुए।
अधिकारियों की कमाई हुई
वे सब मगन हुए।
बानी! पौधारोपण एसई होता है।
पौधों के बारे में कौन सोचता है?
पौधों को कभी,
हमीदन की बकरी खा जाती है।
तो कभी पौधों की
क्यरियाँ की क्यरियाँ
प्यासी सूख जाती हैं।"
(शनिवार 6 जून 2026)



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज कॉलेज से जुड़े किसी काम की भागदौड़ रहेगी। आज परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों में आप व्यस्त रहेंगे। आज आप दूसरों के लिए सहायक रहेंगे। आज शाम का समय आप अपने बच्चो के साथ बिताएंगे, साथ ही जीवनसाथी को शॉपिंग पर ले जायेंगे।

**वृष राशि**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे, जिनको आप अपने बिजनेस में इन्वेस्ट करके बिजनेस बढ़ाएंगे। आज कार्य क्षेत्र में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी, फिर भी आप अपना काम अच्छे से पूरा कर लेंगे। आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग आज अपने कार्यों में परिवर्तन लायेंगे।

**मिथुन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार में आपको कम मेहनत के उपरांत भी अच्छा लाभ होगा। कंपनी में कोई इम्पोर्टेन्ट काम की जिम्मेदारी आपको दी जाएगी, जिसको आप पूरी मेहनत से पूरा करेंगे। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। सरकारी नौकरी के लिए दिए गए पेपर के अच्छे परिणाम हासिल होंगे।

**कर्क**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई बड़ा टारगेट मिलेगा। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई करने के तरीके को चेंज करेंगे जिससे उनको बेहतर परिणाम मिलेंगे। आज रास्ते में किसी असहाय की मदद करने का मौका मिलेगा। आप उनकी हर संभव मदद करेंगे। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है।

**सिंह**
आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी बढ़िया कंपनी से जॉब का बड़ा ऑफर आयेगा। आपके गृहस्थ जीवन में खुशियां भरी रहेंगी। बिजनेसमैन आज कोई डील फाइनल करेंगे, साथ ही कुछ नए क्लाइंट से जुड़ेंगे। आज आपकी टेंशन खत्म होंगी। ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में सिखा रहे लोगों का दिन बेहतरीन रहेगा।

**कन्या**
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आपको अपनी वाणी में मधुरता रखने की जरूरत है। अपने व्यवहार को आज नम्र बनाये रखें। उद्योग में आपको अधिक लाभ होगा। दांपत्य जीवन में एकता रहेगी। आपकी माता जी आज आपके लिए कोई बेहतरीन सी डिश बनाएगी, जिसका आप आनंद उठाएंगे। आपके बीच अच्छी बॉन्डिंग बनेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहेगा। कार्यों को पूरा करने में आ रही अड़चनें आज समाप्त होंगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। आज कोई नया प्रोजेक्ट आपको मिलेगा, जिसको आप पूरी जिम्मेदारी से पूरा करेंगे। आज पारिवारिक सुखों की अनुभूति होगी। रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। आज आपको वाहन चलाते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

**वृश्चिक**
आज आपका कॉन्फिडेंस लेवल हाई रहेगा। बिजली विभाग के कर्मचारियों का आज दिन अच्छा रहेगा। इस राशि की महिलाओं का बिजनेस आज काफी तरक्की करेगा। लवमेट की गलत फहमियां आज खत्म होंगी, रिश्तों में प्यार बढ़ेगा, एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे। आज आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते है।

**धनु**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज परिवार में सुख-समृद्धि का माहौल रहेगा। आज दोस्तों के साथ किसी हिल स्टेशन पर जाने का मन बनायेंगे। अपने से बड़ों की सलाह से काम करेंगे, वो आपसे काफी प्रभावित होंगे। किसी नए भवन के निर्माण के लिए आज आप अपने भाइयों से विचार- विमर्श करेंगे। दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियां आएंगी।

**मकर**
आज आपका दिन बढ़िया गुजरने वाला है। आज घरवाले आपकी तरक्की से प्रसन्न होंगे। लाईब्रेरियन की सैलरी में आज इन्क्रीमेंट होगा। आपकी आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी। आज बच्चों के साथ शाम का डिनर बाहर करेंगे। आज उन्हें खुश होने की वजह देंगे। प्राइवेट कंपनी से जुड़े लोगों का प्रमोशन होने के योग हैं। आज सोची हुई कार्य योजनायें पूरी होंगी।

**कुंभ**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी निर्णय लेने से पहले उस पर गहन विचार कर लेना चाहिए। इस राशि के अविवाहितों के लिए चल रही रिश्ते की बात जल्द पक्की हो जाएगी। कंस्ट्रक्शन के कारोबारियों का चल रहा प्रोजेक्ट जल्द पूरा होगा। आज आप नए कार्य में निवेश कर सकते हैं।

**मीन**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। वर्किंग पेरेंट्स आज अपने बच्चो के लिए समय निकालेंगे और बच्चों के साथ गेम खेलेंगे। सिंगर्स को आज किसी बड़े एल्बम में गाने का मौका मिल सकता है। आज ऑफिस के काम को पूरा कर लें। इससे आपकी टेंशन कम रहेगी। आज जल्दबाजी में कोई जरूरी सामान आप घर पर भूल सकते हैं।

# संगीत नगरी का अटल उद्यान बना मस्ती की पाठशाला, बच्चों से बुजुर्गों तक सभी ने की जमकर मस्ती, खैरागढ़ में गूंजा खुशियों का उत्सव

खैरागढ़ (दावा)। संगीत नगरी का अटल उद्यान बना मस्ती की पाठशाला। राजधानी की तर्ज पर खैरागढ़ में शुरू हुई मस्ती की पाठशाला ने पहले ही दिन शहरवासियों का दिल जीत लिया। नगर के अटल उद्यान (गार्डन) में रविवार सुबह आयोजित इस अनूठे पारिवारिक आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की रिकॉर्ड भागीदारी देखने को मिली। पूरे उद्यान में उत्साह, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा का ऐसा माहौल बना कि यह आयोजन शहर के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रहा। नगर के गार्डन ग्रुप खैरागढ़ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह होते ही जोश और उमंग के साथ हुई। कार्यक्रम की अतिथि खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा रहीं, जिन्होंने नागरिकों और बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में बुम्बा डांस, रस्साकशी, योग, ध्यान, मनोरंजक खेल, म्यूजिक एक्टिविटी और छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत-संगीत ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। जैसे ही संगीत की धुनें गूंजीं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। सुबह की ताजगी और मस्ती भरे माहौल ने अटल उद्यान को खुशियों के केंद्र में बदल दिया छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से लगाए गए जंपिंग जम्प ने सबसे अधिक आकर्षण बटोरा। बच्चों ने यहां जमकर मस्ती की, वहीं अभिभावकों ने भी अपने परिवार के साथ यादगार पल बिताए। आयोजन में पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक सौहार्द का अनूठा दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम की सबसे



खास बात यह रही कि यहां उम्र की कोई सीमा नजर नहीं आई। जहां बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहे, वहीं बुजुर्गों ने भी संगीत की धुनों पर कदम मिलाकर माहौल को और जीवंत बना दिया। व्यापारी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोग एक साथ मस्ती के रंग में रंगे दिखाई दिए।

बच्चों का उत्साह इस कदर था कि कई बच्चे निर्धारित समय से पहले ही अटल उद्यान पहुंच गए और कार्यक्रम शुरू होने का बेसब्री से इंतजार करते रहे उनकी ऊर्जा और सहभागिता ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला केवल मनोरंजन का कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को जोड़ने और परिवारों को एक साथ समय बिताने का सुंदर माध्यम है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे आयोजन लोगों को तनावमुक्त होने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का अवसर देते हैं। उन्होंने नगर गार्डन ग्रुप खैरागढ़ की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनात्मक और जनभागीदारी वाले आयोजनों को निरंतर बढ़ावा मिलना चाहिए। आयोजन की सफलता में नगर गार्डन ग्रुप के सदस्य अरुण भारद्वाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व और सक्रिय समन्वय से कार्यक्रम का प्रथम आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने शहरवासियों से आगामी रविवार को भी बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। आयोजन के सदस्य अरुण रंगलानी ने बताया कि यह आयोजन अब प्रत्येक रविवार सुबह 6 बजे से 8 बजे तक अटल उद्यान में नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जहां शहरवासी परिवार सहित पहुंचकर स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक मेल-मिलाप का आनंद ले सकेंगे।

## पहला कॉलम...

### पर्यावरण दिवस के अवसर पर पेड़ पौधों के नीचे डंप किए कचरा को जलाना कहां तक उचित - डॉक्टर हथेल

**मामला - रेलवे कॉलोनी क्षेत्र के सफाई कर्मचारियों द्वारा जमा कचरा को पेड़ पौधों के नीचे जलाने का**



डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे कालोनी क्षेत्र में पेड़-पौधों के ठीक नीचे भयानक रूप से आग जलने के कारण रेलवे कॉलोनी में चारों ओर दिन भर धुआं ही धुआं दिखाई दिया । भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर तरुण हथेल ने रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ठेकेदार व उनके कर्मचारियों पर आरोप लगाया है कि उनके द्वारा किए गए कृत्य से सीधे पर्यावरण के साथ साथ रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। निवासरत लोगों के स्वास्थ्य में भी बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना बनी हुई है। जिसकी शिकायत सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर हथेल ने मंडल रेल प्रबंधक रायपुर मंडल से की है। जिसकी प्रतिलिपि सीएमएस रेलवे डोंगरगढ़, सीएचआई डोंगरगढ़, कलेक्टर एवं सीएमओ नगर पालिका डोंगरगढ़ से की है।

डॉ. हथेल द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि,डोंगरगढ़ रेलवे रेस्ट हाउस के पास विकसित पौधों के नीचे कचरा जलाने एवं स्वच्छ भारत अभियान के उल्लंघन का कार्य रेलवे कॉलोनी के सफाई ठेकेदार व उनके कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। दिनांक 06.06.2026 की घटना के संबंध में बताया गया कि,डोंगरगढ़ रेलवे कॉलोनी, रेलवे रेस्ट हाउस के पास ठेकेदार के सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा निष्पादन की जगह खुले में आग लगाई जा रही है। आग हरे-भरे विकसित पौधों के ठीक नीचे लगाई गई है। आग की लपटों से पौधे नष्ट हो रहे हैं। और भारी वायु प्रदूषण फैल रहा है। यह कृत्य सफाई निरीक्षक एवं ठेकेदार की जानकारी में हो रहा है।

**सफाई के नाम से करोड़ों का ठेका और स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाते कर्मचारी**

करोड़ों रुपये का ठेका होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही से स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ रही है। डॉ हथेल ने मांग कि है कि,तत्काल आग लगाने पर रोक लगाई जाय।दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाये। नियमानुसार कचरा निष्पादन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। लापरवाही के कारण हुए नुकसान की भरपाई दोषियों से कराई जाए।

### कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में विश्व पर्यावरण दिवस का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में एक दिवसीय पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, खेत बचाओ अभियान के संबंध में जानकारी दी गई तथा जागरूक किया गया। इस दौरान अतिथियों, कर्मचारियों एवं कृषकों द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कोमल सिंह राजपूत, दादूराम सोनकर, रोहित चंद्राकर, आनंद साहू, खिलेश्वर साहू, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ योगेंद्र श्रीवास, प्रक्षेत्र प्रबंधक आशीष गौरव शुक्ला, श्रीमती मंजुलता मेरावी सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

## जंगलपुर में तीरंदाजी समर कैंप प्रशिक्षण के समापन में पहुंचे सांसद

**60 से ज्यादा ग्रामीण खिलाड़ियों ने लिया निश्शुल्क प्रशिक्षण**

डोंगरगांव (दावा)। रामपुर-जंगलपुर तीरंदाज़ी संघ द्वारा जंगलपुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में 20 मई से तीरंदाजी समर कैंप का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण शिविर में लगभग 60 खिलाड़ी नियमित रूप से हिस्सा लेकर तीरंदाजी की बारीकियां को सीखा. कैंप में खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण, शारीरिक फिटनेस एवं प्रतियोगी तैयारी का विशेष अभ्यास कराया जाता है. कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी आगामी स्कूल नेशनल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ ओपन नेशनल प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं. प्रशिक्षकों का कहना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के कौशल विकास एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. इस आयोजन को सफल




बनाने में क्षेत्र के जनपद पंचायत डोंगरगांव के उपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य पुनाराम यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. साथ ही ग्रामवासियों एवं खेलप्रेमियों का भी सराहनीय योगदान मिल रहा है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं एवं प्रोत्साहन प्राप्त हुआ. कैंप में कोच राहुल साहू एवं भोपेन्द्र सिन्हा द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. आयोजकों ने बताया कि तीरंदाजी सीखने के इच्छुक नये खिलाड़ी भी कैंप से जुड़ सकते हैं और प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं. कार्यक्रम के समापन अवसर अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश उके को सरपंचों ने किया बर्खास्त

- कांग्रेस नेता कमलेश वर्मा सर्वसम्मति से सरपंच संघ के अध्यक्ष निर्वाचित
- भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार और हटधर्मिता के चलते पूरा जनपद बर्बादी की ओर अग्रसर - सुश्री प्रीति वैष्णव



डोंगरगढ़ (दावा)। पंचों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे बोरतलाव के सरपंच व सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश उके को उस समय भारी राजनीतिक क्षति पहुंची, जब उन्हें सरपंच संघ के अध्यक्ष पद से बर्खास्त कर दिया गया। विकासखंड के बहुसंख्यक सरपंचों ने जनपद पंचायत सभागृह में हुई बैठक के बाद सर्वसम्मति से कांग्रेस नेता व पारागांव के सरपंच कमलेश वर्मा को सरपंच संघ का नया अध्यक्ष घोषित किया है। श्री वर्मा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी नेताओं में शामिल है।इसके पूर्व वे दो मर्तबा जनपद सदस्य के रूप में पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर चुके हैं। उनके राजनीतिक अनुभव का लाभ सरपंचों के अलावा क्षेत्र वासियों को मिलने की संभावना बनी हुई है।

कांग्रेस नेत्री व जनपद सदस्य सुश्री प्रीति वैष्णव ने अपनी प्रतिक्रिया में सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट में कहा है कि, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विकासखंड के सरपंचों द्वारा डोंगरगढ़ सरपंच संघ के भाजपा समर्थित अध्यक्ष कैलाश उके को पद से मुक्त कर दिया है। वहीं कांग्रेस समर्थित सरपंच कमलेश वर्मा को उपस्थित सरपंचों ने सर्वसम्मति से नए अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। इसके पहले भी भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष के ख़िलाफ़ सभी जनपद सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों के आए दिन भ्रष्टाचार और हटधर्मिता के चलते पूरा जनपद बर्बादी की ओर अग्रसर है।

## अवैध निर्माण तोड़ने की मांग : न्यायालय के आदेश के बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

डोंगरगढ़ (दावा)। वार्ड नंबर 10 कालका पारा के निवासियों ने सड़क पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। अनुविभागीय अधिकारी से मिलकर वार्ड पार्षद मुकेश सहारे के नेतृत्व में नागरिकों दिलीप बहेकर नंदकिशोर चौरे सुभाष मिलिंद आनंद व जूलियस ने बताया कि कालकापारा वार्ड नं 10 गणेश मंडली के पास भी हो गया था किन्तु आज तक नहीं तोड़ा गया। वर्तमान में उस मकान मे हीरालाल यादव अवैध रूप से रह रहा है। उनके द्वारा उस मकान में जुआं खिलाया जाता है, शराब बिक्री की जाती है। बीच रोड में निर्माणा होने से मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही है। वाहनों के आने जाने में व रह रहे आम लोगों को भी अत्यंत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मारिस्टिला डेविड द्वारा बीच रोड में अतिक्रमण कर मकान बनाया गया जिसके संबंध में वार्डवासियों द्वारा शिकायत कर तोड़ने हेतु आवेदन नगरपालिका व अनुविभागीय अधिकारी को दिया था जिस पर नगरपालिका ने मारिस्टिला के विरूद्ध केस बनाया जो न्यायालय में चला और न्यायालय द्वारा तोड़ने का आदेश से चर्चा करने के बाद भी मकान को तोड़ा नहीं गया। वहां हमेशा शराब पीकर गाली-गलौच होती रहती है जिससे वहां का वातावरण खराब हो गया है। अविलंब उक्त मकान को तोड़कर हीरालाल यादव को वहां से हटाया जाये जिससे वाहनों के आने जाने व आम नागरिकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा

**उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान**

डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डोंगरगांव ब्लॉक के एक शिक्षक को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया है. शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए माध्यमिक शाला खपरीकला के शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा को 6 जून 2026 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित आईटीसी वेलकम होटल में आयोजित नेशनल टीचर्स कॉन्सुलेशन ऑन इमर्जिंग टेक्नोलॉजीस एजुकेशन कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. यह कार्यक्रम भारतीय एयरटेल फाउंडेशन एवं द टीचर अप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित शिक्षकों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा में उभरती तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) तथा नवाचारों के उपयोग पर शिक्षकों के अनुभव एवं सुझाव प्राप्त करना था. कार्यक्रम के दौरान श्री शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के समग्र



विकास हेतु किये गए प्रयासों के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किया गया. यह सम्मान भारती एयरटेल फाउंडेशन के मुख्य कार्य अधिकारी नूरिया अंसारी द्वारा प्रदाय किया गया. बता दें कि श्री शर्मा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला के मिडिल स्कूल में क्लास छठवीं से आठवीं तक संस्कृत और गणित की कक्षाएं लेते हैं. सम्मान प्राप्त करने के उपरांत श्री शर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि उनके विद्यालय, विद्यार्थियों एवं समस्त शिक्षकों का सम्मान है. उनकी इस उपलब्धि पर सहयोगियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

## प्रेस क्लब गंडई के पियाऊ घर में समाज सेवा की अनूठी मिसाल : समाजसेवी जित्तू गोयल ने राहगीरों को पिलाया सत्तू

गंडई (दावा)। नगर की अग्रणी पत्रकार संस्था प्रेस क्लब गंडई द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई जा रही है। प्रेस क्लब की इन्हीं जनहितैषी गतिविधियों से प्रेरित होकर गंडई नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं किराना व्यवसायी जितेश (जित्तू) गोयल ने एक बेहद सराहनीय पहल की है।



आज 7 जून को शाम 4 बजे विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) के सामने स्थित प्रेस क्लब गंडई द्वारा संचालित शीतल पेयजल पियाऊ घर में आम राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए सत्तू का वितरण किया गया। समाजसेवी जित्तू गोयल ने अपने सुपुत्रों, योग गोयल एवं शिवम गोयल के हाथों राहगीरों को सत्तू पिलवाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत कराई। चिलचिलाती धूप और गर्मी के इस मौसम में सत्तू पीकर राहगीरों को बड़ी राहत मिली। व्यवसायी जित्तू गोयल द्वारा जन सरोकार से जुड़कर किए गए इस भलमनसाहत भरे कार्य के लिए प्रेस क्लब गंडई ने उन्हें साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

इस सत्तू वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब गंडई के अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिव अवधेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष रोहित देवांगन, संरक्षक हरिशंकर साहू, वरिष्ठ सदस्य सुखनंदन चतुर्वेदी, यावर नियाजी खान एवं पियाऊ घर के ऑपरेटर संतोष यदु सहित स्थानीय नागरिक और राहगीर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लालबहादुर नगर में गूंजा नारा : पड़बो पढ़ाबो समाज ल आगू बड़ाबो, सामाजिक एकता से ही दूर होंगी कुरीतियां : गिरवर साहू

**तहसील साहू संघ का सामाजिक जागरूकता अभियान संपन्न, माता कर्मा की आरती से हुआ भव्य शुभारंभ**

डोंगरगढ़/चारभाटा (दावा)। तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के तत्वावधान में समाज को नई दिशा देने और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पड़बो पढ़ाबो समाज ल आगू बड़ाबो सामाजिक जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन नगर पंचायत लालबहादुर नगर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का गरिमामयी शुभारंभ सर्वसमाज की आराध्य देवी मां कर्मा की भक्तिमय आरती और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात स्थानीय स्वजातीय बंधुओं द्वारा पधारे हुए अतिथियों एवं पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत-सत्कार किया गया।

**अंतिम गांव के अंतिम व्यक्ति तक सामाजिक नियमावली पहुंचाना लक्ष्य**

समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के तहसील अध्यक्ष गिरवर साहू ने उपस्थित जनसमुदाय में अलख जगाते हुए कहा कि इस विशेष अभियान के माध्यम से साहू समाज की मार्गदर्शिका और नियमावली को अंचल के अंतिम



बेटियों की तरह बेटों की पढ़ाई पर भी दें विशेष ध्यान, शिक्षित किसान नई तकनीक से करेगा उन्नत खेती

गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। हम इस मंच के जरिए समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों, रूढ़िवादिता और फिजूलखर्ची को दूर करने तथा समाज के प्रति सदैव सजग व वफादार रहने हेतु सामाजिक बंधुओं से पुरजोर आह्वान कर रहे हैं। जिसका धरातल पर बहुत ही सकारात्मक और अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

श्री साहू ने आगे अपनी सहज छत्तीसगढ़ी बोली में उपस्थित स्वजातीय जनों को समझाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारा साहू समाज सबसे बड़ा और एक प्रगतिशील शिक्षित समाज के रूप में जाना जाता है। लेकिन जब हम पढ़-लिखकर भी सामाजिक नियमावली की उपेक्षा करते हैं और खुद का अलग नियम बनाकर चलते हैं, तभी हमें इस अभियान की जरूरत पड़ती है। ये चार शब्दपड़बो पढ़ाबो समाज ल आगू बड़ाबो–हमारे समाज, हमारे गांव और हमारे पूरे प्रदेश को बदलने का सच्चा रास्ता हैं। भाई हो... बिना पढ़े-लिखे कोनो समाज आगू नई बढ़ सके। जैसे खेती करे बर बीज जरूरी है, वैसे ही जिन्दगी बर शिक्षा जरूरी है। आज का युग मोबाइल और आधुनिक तकनीक का जमाना है, अगर हम नहीं बदलेंगे तो बहुत पीछे छूट जाएंगे। उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि पढ़ना मतलब केवल रटना नहीं है। जब समाज का हर बच्चा शिक्षित होगा, तो समाज खुद-ब-खुद तरक्की की राह पर चल पड़ेगा।

**शिक्षित किसान नई तकनीक से खेती कर बढ़ाएगा मान**

शिक्षा को प्रगति का मूल मंत्र बताते हुए श्री साहू ने कहा कि जब हमारा किसान शिक्षित होगा तो वह परंपरागत ढर्रे से बाहर निकलकर नई वैज्ञानिक तकनीक के साथ उन्नत खेती करेगा, जिससे उसकी आय बढ़ेगी। जब समाज के बच्चे पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी और शिक्षक बनेंगे, तो वे अपने परिवार के साथ-साथ पूरे साहू समाज का नाम देश-दुनिया में रोशन करेंगे। यह सब तभी संभव है जब हम शिक्षा को अपना मूल मंत्र मानेंगे और मजबूत सामाजिक एकता के बल पर हर सामाजिक बुराई को उखाड़ फेंकेंगे।

## अंबागढ़ चौकी में विश्व पर्यावरण दिवस पर निकली जनजागरण यात्रा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संदेशा परिवार अंबागढ़ चौकी द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रकृति एवं गौमाता की पूजा-अर्चना के साथ किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर में गौमाता, भोले बाबा और वटवृक्ष के साथ भजन-कीर्तन करते हुए जागरूकता यात्रा निकाली गई। यात्रा के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद गायत्री परिवार, संघ परिवार, दुर्गा मानस महिला मंडली तथा गौ एवं पर्यावरण प्रेमियों ने अतिथियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। कार्यक्रम में दामले सर, नेहरू रजक, पवन गुप्ता, चंदन उपाध्याय, विमल यादव, उषा यादव, रामगोपाल वर्मा, मुकुंद निषाद, मनीष साहू और दिलीप कुंभकार ने राष्ट्रीय, धार्मिक, सामाजिक, पर्यावरण संरक्षण तथा नशामुक्ति जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिथिल मंडावी, नवदीप ठलाल, मन्नूलाल शांडिल्य, सुखनंदन यादव, शुकालु साहू, हरिकीर्तन निषाद, घनश्याम दाढ़ी, जीवराखन वैद्य, कृष्णा ढेलिया, ओमप्रकाश जामुलकर और आलोक मिलिंद का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पर्यावरणविद् रामदयाल साहू ने शासन-प्रशासन से पेड़ों की कटाई में उपयोग की जाने वाली लखखा मशीन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे अवैध वृक्ष कटाई पर प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। समापन अवसर पर रामदयाल साहू और विजय वैष्णव ने कार्यक्रम में शामिल सभी पर्यावरण एवं गौ-सेवकों का आभार व्यक्त किया।

# पहला कॉलम...

## पीएम मोदी ने मलयालम एक्टर सलीम कुमार के निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमाई जगत के दिग्गज एक्टर सलीम कुमार के निधन ने शोक की लहर दौड़ा दी। बीते रोज कोच्ची के अस्पताल में भर्ती कराए गए सलीम कुमार ने 56 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सलीम कुमार के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक पोस्ट कर अपनी भावनाएं प्रकट की हैं। अपने करियर में 322 से ज्यादा फिल्मों में एक्टिंग और 3 फिल्मों के डायरेक्ट करने वाले सलीम एक लंबी चौंड़ी सिनेमाई विरासत पीछे छोड़ गए हैं। साथ ही उनके बेटे भी एक्टिंग की दुनिया में अपनी जमीन तलाश रहे हैं। पीएम मोदी ने भी सलीम कुमार के निधन पर शोक जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, %दिग्गज अभिनेता सलीम कुमार जी के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। अपने शानदार करियर के दौरान, उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और विभिन्न भूमिकाओं में यादगार प्रदर्शनों से एक अमिट छाप छोड़ी। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

## नदी में गिरी कार, सात साल की बच्ची समेत चार लोगों की मौत

नई दिल्ली। सिक्किम और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पर हुआ एक दर्दनाक हादसा 7 जून को भारी मातम में बदल गया। गंगटोक से सिलीगुड़ी जा रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों के शव तीस्ता नदी में डूबी एक टाटा नेक्सॉन कार से बरामद कर लिए गए हैं।

मृतकों की पहचान स्मारिका न्यौपाने (28), सैब्या न्यौपाने (27), जीका दहल (27) और पांच वर्षीय मासूम दित्या छेत्री के रूप में हुई है। यह परिवार पूर्वी सिक्किम के काबी लुंगचोक (लिंगडोक) का रहने वाला था और 5 जून को अस्पताल में भर्ती अपने रिश्तेदारों से मिलने सिलीगुड़ी जा रहा था। 5 जून की शाम राम्बी इलाके के पास परिवार से आखिरी बार संपर्क हुआ था, जिसके बाद वे लापता हो गए। 6 जून को शिकायत दर्ज होने के बाद ह्ष्ठक्रस्न, स्ष्ठक्रस्न, पश्चिम बंगाल पुलिस और स्थानीय बचाव दलों ने दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्टा और समाजसेवी विक्रम राय के सहयोग से बड़ा तलाशी अभियान शुरू किया। शनिवार शाम को भारी बारिश और तेज बहाव के बीच डूबी हुई कार का पता चला। रात के अंधेरे और खराब मौसम के कारण रेस्क्यू रोकना पड़ा, लेकिन रविवार सुबह तड़के दोबारा अभियान शुरू कर कार के भीतर से चारों शवों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस हादसे का मुख्य कारण भारी बारिश, भूस्खलन और ह्न10 की जर्जर स्थिति को माना जा रहा है।

## 29 महंगा हुआ 14.2 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर

नई दिल्ली। सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने रविवार को घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपये की बढ़ोतरी कर दी। कंपनियों के इस फैसले से देश करोड़ों परिवार प्रभावित होंगे। ये पिछले तीन महीनों में दूसरी बढ़ोतरी है। नई कीमतें 7 जून से ही लागू हो गई हैं। इससे पहले, तेल कंपनियों ने 7 मार्च को घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में ?60 की बढ़ोतरी की थी। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई को कई तरह की बाधाओं को सामना करना पड़ रहा है, जिससे फ्यूल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई बढ़ोतरी से कंपनियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इस नुकसान को कम करने और इसका कुछ हिस्सा आम लोगों पर डालने के लिए कंपनियों ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी है। घरेलू रुक्त्र की बिक्री पर हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने के लिए ये बढ़ोतरी जरूरी थी। इस ताजा बढ़ोतरी के बावजूद, कंपनियां अभी भी इंटरनेशनल एनर्जी कीमतों का पूरा असर ग्राहकों पर नहीं डाल रही हैं। आज की इस ताजा बढ़ोतरी के बाद देशभर के अलग-अलग शहरों में एलपीजी नए दाम भी सामने आ गए हैं।

## 61 साल के आमिर खान फिर बनेंगे दूल्हा

नई दिल्ली। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान अपनी फिल्मों ही नहीं, पर्सनल लाइफ को लेकर भी हमेशा ही चर्चा में रहे हैं। आमिर खान के अब तक दो तलाक हो चुके हैं। आमिर ने 1986 में रीना दत्ता से शादी की थी, जिनसे वह 2002 में अलग हो गए। रीना दत्ता से अलग होने के बाद उन्होंने किरण राव से शादी की, लेकिन 2021 में आमिर किरण से भी अलग हो गए और अब वह गौरी स्प्रैट के साथ रिलेशनशिप में हैं। आमिर अब 61 साल की उम्र में तीसरी शादी करने जा रहे हैं। एक्टर ने खुद ही पुष्टि कि है कि वह गौरी स्प्रैट से शादी करने जा रहे हैं। वह फिलहाल अमेरिका में हैं और वापस आने के बाद 5 जुलाई को शादी के बंधन में बंधेंगे। इस खबर के बाद जहां आमिर के फैंस खुश हो गए तो कई ने उन्हें निशाने पर लेना शुरू कर दिया। इस पर अब दिग्गज अभिनेत्री राखी गुलजार ने भी प्रतिक्रिया दी है।

# 2023 के बाद भारत ने घरेलू टेस्ट मैच में बनाए 550+ रन, अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा सर्वोच्च स्कोर



नई दिल्ली। भारतीय टीम ने कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल के शतकों की मदद से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की पहली पारी में विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत ने मुल्लांपुर में खेले जा रहे इस मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। भारत के लिए इस मैच में कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक जड़े। वहीं, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर ने अर्धशतकीय पारी खेली।

अफगानिस्तान के खिलाफ इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दम दिखा। भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन गिल ने बनाए जो 126 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, केएल राहुल ने 100, पंत ने 81, सुदर्शन ने 81, मानव सुथार ने 28, यशस्वी ने 24, मोहम्मद सिराज ने 22 और ध्रुव जुरेल ने 19 रन बनाए। सुंदर 68 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद रहे। कुलदीप यादव भी नौ रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद सलीम सैफी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए छह विकेट झटके, जबकि जियाउर रहमान शरीफी और हशमातुल्लाह शाहिदी को एक-एक विकेट मिले।

अफगानिस्तान के खिलाफ यह टेस्ट मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन आने वाले दिनों में भारत को मजबूत टीमों का सामना करना है। यही कारण है कि भारत के लिए यह मैच काफी अहम है। भारत पिछले कुछ समय से घरेलू मैदान पर भी टेस्ट में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था। लेकिन इस मैच में बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने 2023 के बाद पहली बार टेस्ट में घरेलू मैदान पर 550 रनों का आंकड़ा पार किया। इससे पहले टीम ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए मैच में 571 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, भारत का यह स्कोर अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में किसी टीम का दूसरा सर्वोच्च टोटल है। इस टीम के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा स्कोर का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम है जिन्होंने 2024 में 586 रन बनाए थे।

# वर्ल्ड कप टीम के साथ आए इराक के फुटबॉलर को अमेरिका ने किया डिटेन



नई दिल्ली। फीफा वर्ल्ड कप का 23वां संस्करण 11 जून से शुरू होने जा रहा है, जिसकी मेजबानी ह्र, मेक्सिको और कनाडा मिलकर कर रहे हैं. इससे पहले एक नया विवाद सामने आया है. इराक के स्ट्राइकर आयमेन हुसैन जब अमेरिका पहुंचे तो उन्हें एयरपोर्ट पर ही हिरासत में ले लिया गया. उनसे करीब 7 घंटे तक पूछताछ की गई.

इतिहास में पहली बार हो रहा है जब 3 देश मिलकर फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं, अमेरिका इसके मेजबान में से एक है. आयमेन हुसैन इराक टीम के महत्वपूर्ण प्लेयर हैं, वह स्ट्राइकर हैं. उन्होंने इराक को वर्ल्ड कप में अपनी जगह पक्की करने में अहम भूमिका निभाई. उन्हें शिकागो एयरपोर्ट पर रोक लिया गया, उन्हें हिरासत में लेकर करीब 7 घंटे तक पूछताछ की गई और फिर छोड़ दिया गया. लेकिन टीम के फोटोग्राफर को एंट्री नहीं दी.

खबर के अनुसार इराक नेशनल फुटबॉल टीम के फोटोग्राफर तलाल सलाह को भी एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया था, उनसे तो 10 घंटों तक पूछताछ हुई और फिर भी उन्हें एंट्री नहीं दी गई. इराक फुटबॉल टीम के साथ काम करने वाले एक सूत्र के हवाले में मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि हुसैन से पूछताछ के दौरान उनके फ़ोन की भी जांच हुई.

# टीम इंडिया ने 9 साल बाद जीती एशिया कप ट्रॉफी, फाइनल में बंपर जीत; पीएम मोदी ने दी बधाई


नई दिल्ली। भारत ने अंडर-18 हॉकी एशिया कप 2026 का खिताब जीत लिया है. शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने जापान को 4-1 से हराकर ट्रॉफी जीती. इससे पहले सेमीफाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश पाया था. यह कुल तीसरी बार है जब भारत ने अंडर-18 लेवल पर हॉकी एशिया कप जीता है. इस यादगार जीत पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी.



जिस तरह सेमीफाइनल में आशीष पूर्ति ने आखिरी क्वार्टर में मैच का पासा पलट कर रख दिया था. फाइनल में भी उन्होंने 3 गोल करते हुए मैच जिताऊ प्रदर्शन करके दिखाया. मैच के दूसरे मिनट में भी भारत ने 1-0 की बढ़त बना ली थी और तीसरे क्वार्टर के अंत तक टीम इंडिया 4-0 की बढ़त लेकर जीत की ओर बढ़ रही थी. जापान को चौथे क्वार्टर में चमत्कारी प्रदर्शन करने की जरूरत थी. जापान की तरफ से पूरे मैच में एकमात्र गोल चौथे क्वार्टर में आया, लेकिन यह टीम इंडिया को हराने के लिए काफी नहीं था. इससे पहले भारत 2001 और 2016 में अंडर-18 एशिया कप का खिताब जीत चुका है.

भारत की मेंस अंडर-18 हॉकी टीम को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा - हमारे युवा हॉकी खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि. अंडर-18 एशिया कप का खिताब जीतने के लिए पूरी टीम को बधाई. पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम ने बेहतरीन स्किल्स और शानदार टीम वर्क दिखाया, जिसके परिणामस्वरूप फाइनल में भारत को यादगार जीत मिली.

# आईपीएल ऑक्शन में करोड़ों में बिकने के बाद भी क्यों निराश थे वैभव सूर्यवंशी?



नई दिल्ली। वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन आईपीएल 2026 में जबरदस्त रहा। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से वर्ल्ड क्रिकेट में एक अलग पहचान बनाई है। आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन को देखने के बाद वैभव को अब टीम इंडिया में भी जगह मिल गई है। आगामी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे और एशियन गेम्स के लिए उन्हें टी20 में शामिल किया गया है। इस बीच वैभव ने एक इंटरव्यू में आईपीएल ऑक्शन को लेकर दो सीजन के बाद बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि आईपीएल 2025 के ऑक्शन में सिर्फ दो टीमों के बोली लगाने से वह बुरी तरह टूट गए थे।

सूर्यवंशी को राजस्थान की टीम ने 2025 से पहले हुए ऑक्शन में एक करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा था। ऋक्र के अलावा दिल्ली कैपिटवल्स की टीम ने उन्हें खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। राजस्थान रॉयल्स के सोशल मीडिया अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी का एक इंटरव्यू शेयर किया गया है। इस इंटरव्यू में 15 साल के युवा बल्लेबाज ने कहा कि ईमानदारी से बताऊं तो जब मुझे चुना गया तो मैं सोच रहा था कि सिर्फ दो ही टीमों ने मेरे लिए बोली लगाई। ऐसा क्यों? मैं तो अच्छा खेलता हूं, मैंने तो ट्रायल्स में अच्छा किया। बाकी टीमों को भी मेरे लिए बोली लगानी चाहिए थी। लेकिन मैं एक-डेढ़ साल से टीम के साथ हूं। मैं ईमानदारी से बता रहा हूं कि राजस्थान जैसी टीम में शामिल करने के लिए भगवान को एक हजार बार शुक्रिया बोल चुका हूं। यहां के कोच, सपोर्ट स्टाफ, प्लेयर्स और मैनेजमेंट टीम, मीडिया टीम, फीजियो और ट्रेनर्स, सभी लोग एक परिवार की तरह लगते हैं।

वैभव ने आगे कहा कि राजस्थान रॉयल्स (ऋक्र) में मुझे बिल्कुल अपने घर जैसा माहौल मिलता है। यहां सब इतने सीधे और अच्छे हैं कि आप किसी से भी अपनी कोई भी बात कह सकते हैं। अगर आपको कोई चीज परेशान कर रही है, तो आप खुलकर बात कर सकते हैं। मैं इस टीम में आकर बेहद खुश हूं और मुझे यहां बहुत अच्छा लगता है। सूर्यवंशी ने टीम के सीनियर खिलाड़ियों की भी तारीफ की, जिन्होंने उन्हें एक पेशेवर क्रिकेटर बनने में मदद की। उन्होंने बताया कि सीनियर प्लेयर्स मुझे सही रास्ता दिखाते हैं। वे मुझे समझाते हैं कि मेरे लिए क्या अच्छा है, मुझे क्या करना चाहिए और किन गलतियों से बचना चाहिए।

# भारतीय कंपनियों को चीनी कंपनियों की तुलना में मिली बहुत कम सरकारी मददें



नई दिल्ली। भारतीय कंपनियों को साल 2005 से 2024 के दौरान चीनी कंपनियों की तुलना में काफी कम सरकारी मदद प्राप्त हुई है।

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की एक रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है। 'ओईसीडी मैजिक डेटाबेस ऑफ इंडस्ट्रियल सब्सिडीज' ये आकलन करता है कि कंपनियों को वास्तव में क्या प्राप्त होता है। इसमें 2005-24 के दौरान 15 प्रमुख सेक्टरों में दुनिया की 525 सबसे बड़ी मैन्यूफैक्चरिंग कंपनियों का सब्सिडी, आयकर रियायतें और बाजार दर से कम ब्याज पर लोन, इन तीन साधनों के माध्यम से आकलन किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2005 और 2024 के बीच, चीनी कंपनियों को ओईसीडी देशों में स्थित कंपनियों की तुलना में औसतन 3 से 8 गुना ज्यादा सरकारी मदद प्राप्त हुई, जो एक न्यूनतम अनुमान है। ये अनुदान ब्राजील, भारत और इंडोनेशिया जैसी नॉन-ओईसीडी अर्थव्यवस्थाओं में स्थित कंपनियों को प्राप्त सहायता से भी बहुत ज्यादा था। ओईसीडी एक अंतर-सरकारी निकाय है, जिसमें मुख्य रूप से 38 विकसित अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। ये सदस्य देशों के बीच आर्थिक वृद्धि, व्यापार, निवेश और नीति समन्वय को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसके सदस्यों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं। OECD की रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 2005 और 2023 के बीच विकास करने वाली कंपनियों के वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में हुई बढ़ोतरी का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा उन्हें प्राप्त सब्सिडी के कारण है।

# आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के तहत 1.20 करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिक जुड़े, 13.84 लाख से ज्यादा इलाज हुए

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को बताया कि आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के तहत अब तक 1.20 करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत 13.84 लाख से ज्यादा उपचार किए गए हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 3,000 करोड़ रुपए रही है। सरकार के अनुसार, मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत उन 5.46 करोड़ बच्चों और 1.32 करोड़ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, जिन्हें पहले कोई टीका नहीं लगा था। एक अधिकारिक बयान में कहा गया कि वर्ष 2023 में बिना कोई टीका प्राप्त करने वाले बच्चों (जीरो-डोज बच्चों) की हिस्सेदारी कुल आबादी का 0.11 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 0.06 प्रतिशत रह गई।

सरकार सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) चला रही है, जिसके तहत हर साल 2.67 करोड़ नवजात शिशुओं और 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं को 12 बीमारियों से बचाव के लिए मुफ्त टीके उपलब्ध कराए जाते हैं। पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए सरकार ने कहा कि 44 करोड़ से अधिक परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला है और 1.86 लाख से ज्यादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जा चुके हैं।

सरकार ने बताया कि 18,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जेनेरिक दवाएं बाजार कीमतों की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 8 जून 2026 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 56 | 64 | 71 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 57 | 63 | 73 | 85 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 74 | 84 | 91 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 75 | 82 | 92 | 04 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 81 | 93 | 03 | 17 |
| शनि | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 95 | 02 | 18 | 29 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 96 | 09 | 12 | 25 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 13 | 24 | 31 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 14 | 23 | 32 | 43 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 34 | 42 | 51 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 35 | 41 | 52 | 69 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 37 | 46 | 52 | 81 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 3 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 4 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 57 | 86 | 92 | 01 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 14 | 32 | 20 | 93 | 78 |
| 89 | 64 | 31 | 24 | 00 | 13 |
| 72 | 71 | 21 | 75 | 01 | 95 |
| 02 | 38 | 31 | 83 | 80 | 50 |
| | | | | | |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 79 | 04 | 68 | 01 | 85 |
| 79 | 96 | 22 | 30 | 93 |
| 11 | 37 | 78 | 05 | 06 |
| 89 | 80 | 82 | 11 | 48 |
| | | | | |

**जनवरी 2025 से जून 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-86-92
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-4-400-888 5-122 -799-555, 6-466-222 7- 999 8-440-666 9-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-88-95 -99
1-146-777, 2-660-444,3-166 -111, 4-112-888, 5-366-447-555 6-222, 7-700-999, 8-189-288-666, 9-117-577- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**आज 'इंडिया' की बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचीं ममता....**

द्रमुख (डीएमके) और सीपीआई(एम) ने कांग्रेस को घेरा है. डीएमके ने सोमवार को होने वाली बैठक में न जाने का फैसला लिया है. सीपीआई (एम) ने भी आरोप लगाया कि कांग्रेस का बर्ताव इंडिया ब्लॉक को नुकसान पहुंचा रहा है.

तमिलनाडु चुनाव के बाद डीएमके ने कांग्रेस के उनके गठबंधन से बाहर निकलने के बाद 8 जून को विपक्षी गठबंधन की मीटिंग में हिस्सा न लेने का अपना फैसला बताया है, वहीं लेफ्ट पार्टी ने उनसे केरलम चुनाव कैंपेन के दौरान भाजपा के साथ डील वाली बातों पर साफ बात करने को कहा है.

डीएमके के प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक मीटिंग का बॉयकॉट करने का फैसला किया है, क्योंकि हम ऐसी जगह नहीं रहना चाहते जहां कांग्रेस मौजूद हो. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीठ में छुरा घोंपने वाली है. उन्होंने हमारा काम और डीएमके पार्टी के वर्कर्स की मेहनत और पसीना चुराया और फिर खेमा बदल लिया. यह मौकापरस्ती का सबसे अच्छा उदाहरण है. उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ऐसी जगह हिस्सा लेती है या वहां दिखती है, जहां कांग्रेस शामिल है तो यह सभी डीएमके कैडर का अपमान होगा.

वहीं, सीपीआई (एम) नेता हन्नान मोल्लाह ने कहा कि गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस की एक बड़ी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि गठबंधन में किसी भी सबसे बड़ी पार्टी की मोर्चे को एक साथ रखने में अहम भूमिका होती है, लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस नेता जरूरी समझदारी नहीं दिखा रहे हैं.

राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप लीड करना चाहते हैं तो आपको सभी को साथ लेकर चलना होगा. अगर आप अपने सहयोगियों को गाली देंगे तो आपके साथ कौन रहेगा. राहुल गांधी एक जगह सीपीआई (एम) की बुराई करते हैं तो दूसरी जगह डीएमके की. अगर आप इन पार्टियों को एक साथ रखना चाहते हैं और गठबंधन को लीड करना चाहते हैं तो आपको सभी को रिप्रेजेंट करना होगा.

उन्होंने कहा कि दूसरे नेता अलग-अलग बातें कह सकते हैं, लेकिन फ्रंट के लीडर के तौर पर आप ऐसा बर्ताव नहीं कर सकते जिससे एकता को नुकसान हो. मोल्लाह ने कहा कि कांग्रेस को पता होना चाहिए कि फ्रंट कैसे बनाया जाता है, जिसके लिए सीरियस होना पड़ता है, सबको साथ लेकर चलने की काबिलियत होनी चाहिए और समझदारी से बात करनी चाहिए.

सपा बोली- डीएमके की नाराजगी बड़ा झटका

डीएमके का गठबंधन की बैठक में न आना विपक्ष के लिए बड़ा झटका है. समाजवादी पार्टी ने भी इस बात को माना है. सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि डीएमके का बैठक में भाग नहीं लेने का फैसला विपक्ष के लिए एक झटका है. मैं इससे इनकार नहीं कर सकता.

उन्होंने कहा कि डीएमके नाराज है, सीपीएम की भी अपनी चिंताएं हैं. कांग्रेस बड़ी पार्टी है तो कांग्रेस की बड़ी जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि छ्वरूद्म का गुस्सा होना जायज हो सकता है लेकिन मुझे लगता है इंडिया ब्लॉक के नेताओं को डीएमके से बात करनी चाहिए.

**कर्नाटक में निवेश के नाम पर 2,400 करोड़ की ठगी....**

जा चुके हैं।

30 बैंक खाते, हजारों पन्नों का लेन-देन

जांच अधिकारियों ने बताया कि इस घोटाले में 30 बैंक खाते सामने आए हैं, जिनमें से 7 खातों में ज्यादातर लेन-देन हुआ। भीमाशंकर गुलेड ने कहा गुलेड ने कहा कि हम वह पैसा वापस लाएंगे और बचे हुए निवेशकों में बांट देंगे। स्नढ्ढक्र दर्ज होने के बाद भी 4 से 5 करोड़ रुपये जमा किए गए थे। हमें 30 बैंक अकाउंट मिले हैं, जिनमें से सात अकाउंट में ज्यादातर पैसा आया था। एक ही अकाउंट में ट्रांजैक्शन के 36,200 पेज हैं और जांच चल रही है।

महाराष्ट्र तक फैला नेटवर्क

इस स्कीम में सबसे ज्यादा निवेश महाराष्ट्र से आया था। सीआईडी अब महाराष्ट्र पुलिस के साथ मिलकर आगे की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद केस को ब्लष्ठस्ज्ठ्ठ के तहत आदित्य अमन विश्वास को सौंप दिया गया है, जो रिकवरी और निवेशकों को पैसा लौटाने की प्रक्रिया देखेंगे।

**ईरान युद्ध के बीच ट्रंप का बड़ा बयान, 50 हजार .....**

और क्षेत्र के अन्य देशों के लिए एक स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि अमेरिका फिलहाल पीछे हटने के मूड में नहीं है। ऐसे समय में जब मध्य पूर्व में तनाव लगातार बना हुआ है, अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को लेकर ट्रंप का रुख आने वाले दिनों में क्षेत्रीय राजनीति और सुरक्षा समीकरणों को प्रभावित कर सकता है।

मध्य पूर्व पर टिकी दुनिया की नजर

ईरान और अमेरिका के बीच जारी टकराव का असर केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव पूरे मध्य पूर्व और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़ सकता है। ऐसे में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती और दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर दुनिया भर की नजरें बनी हुई हैं।

**जयपुर के 34 थाना क्षेत्रों में 24 घंटे बंद रहेगा इंटरनेट.....**

मस्जिद, मजार, चबूतरे और सत्संग भवन सहित कई धार्मिक संरचनाओं को स्थानीय लोगों ने स्वयं हटाना शुरू कर दिया। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से निर्माण हटाए।

सोमवार सुबह से चलेगा अभियान

जिन अतिक्रमणों को अब तक नहीं हटाया गया है, उन्हें हटाने की कार्रवाई सोमवार सुबह छह बजे से शुरू होगी। इसके लिए जेडीए ने चार विशेष टीमें गठित की हैं, जिनमें उपायुक्त, तहसीलदार, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और पटवारियों को शामिल किया गया है। ये टीमें 8 और 9 जून को मौके पर तैनात रहेंगी।

सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी

अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्ट या धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि साइबर और कानून-व्यवस्था से जुड़ी इकाइयों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# तुमड़ीबोड़ स्वास्थ्य केंद्र की अव्यवस्थाओं की शिकायत सही मिली, जांच करने पहुंची जिला टीम

## सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने खोला था मोर्चा; 8 में से 6 सरकारी क्वार्टरों में ताला, रात को नहीं मिलते कर्मचारी

तुमडीबोड़ (दावा)। सुशासन तिहार के दौरान ग्रामवासियों द्वारा प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर की गई शिकायत आखिरकार सही पाई गई है। ग्रामीणों के आक्रोश और शिकायत के बाद राजनांदगांव से स्वास्थ्य विभाग की एक उच्च स्तरीय जांच टीम निराकरण के लिए गांव पहुंची।

जांच के दौरान ग्रामीणों द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की मनमानी को लेकर उठाए गए कई गंभीर आरोप सच साबित हुए हैं। जांच दल में मुख्य रूप से जिलाअध्यक्ष अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया एवं स्वास्थ्य विभाग की अधिकारी श्रीमती रहीशा बेगम शामिल थीं। ग्रामीणों की ओर से शिकायतकर्ता हेमिन बाई, भगवती बाई, मधु, पुष्पा साहू, देव कुमारी साहू एवं मिलाप साहू ने पूरी बेबाकी के साथ अधिकारियों के समक्ष अस्पताल की कमियों को रखा।

### समय से पहले भाग जाते हैं कर्मचारी, दवाइयों का टोटा-

ग्रामीणों ने जांच टीम को बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी अपनी मर्जी से आते-जाते हैं। वे अक्सर देर से अस्पताल पहुंचते हैं और निर्धारित समय से पहले ही ताला बंद कर अपने घर चले जाते हैं। इसके चलते दूर-दराज से आने वाले मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इसके अलावा अस्पताल में आए दिन जरूरी और आपातकालीन दवाइयों की अनुपलब्धता (टोटा) बनी रहती है।

### 6 सरकारी क्वार्टर खाली, रात को तड़पते हैं मरीज

शिकायतकर्ताओं ने एक और गंभीर मुद्दा उठाते हुए बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों के रहने के लिए 8 शासकीय क्वार्टर बनाए गए हैं। नियमानुसार कर्मचारियों को यहीं रहना है, लेकिन इनमें से केवल 2 क्वार्टरों में ही स्टाफ रहता है। शेष 6 क्वार्टरों में कर्मचारियों ने ताला लटका रखा है और वे शहर या अपने घरों से अप-डाउन करते हैं। इसका नतीजा यह है कि रात के समय आपातकालीन स्थिति होने पर अस्पताल में कोई जिम्मेदार कर्मचारी नहीं मिलता, जिससे मरीजों की जान पर बन आती है।

### 13 साल से सेवा दे रहीं स्टाफ नर्स की तारीफ

ग्रामीणों ने इस दौरान मिसाल देते हुए बताया कि स्टाफ नर्स श्रीमती पिंगला साहू पिछले 13 वर्षों से इसी शासकीय क्वार्टर में रहकर दिन-रात पूरी निष्ठा से मरीजों की सेवा कर रही हैं। जब क्वार्टर रहने योग्य हैं, तो बाकी कर्मचारी बहानेबाजी कर बाहर क्यों रहते हैं?

### पुराने स्टाफ को हटाने और नए नियमित अमले की मांग

अव्यवस्थाओं से नाराज ग्रामीणों ने जांच टीम के सामने दोटूक मांग रखी कि लापरवाही बरतने वाले वर्तमान कर्मचारियों का तत्काल यहां से स्थानांतरण किया जाए और उनके स्थान पर नई व नियमित रूप से मुख्यालय में उपस्थित रहने वाली टीम की नियुक्ति की जाए। जांच के दौरान स्थानीय सरपंच भुवनेश्वरी साहू, उप सरपंच भूपेंद्र सोनवानी, कांग्रेस जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष मदन साहू, पंच पुष्पा साहू, इसाक अली, प्रेमलाल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाह कर्मियों पर आवश्यक और कड़ी कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन दिया है।

# भाजपा मंडल मोहला की मासिक बैठक संपन्न : संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर हुई गंभीर चर्चा



शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यों की हुई समीक्षा, जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान

मोहला (दावा)। भाजपा मंडल मोहला की महत्वपूर्ण मासिक बैठक आज वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यों की समीक्षा और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत रणनीति पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मोहला मंडल प्रभारी दिलीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, जिला सह-कोषाध्यक्ष एवं मोहला मंडल सह-प्रभारी अविनाश त्रिपाठी और जिला कोषाध्यक्ष राजेश जैन गुजराती उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेतृत्व ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस सांगठनिक बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और संगठन के प्रमुख चेहरों ने हिस्सा लिया।

अवसर पर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सैयद अजहरुद्दीन, मोहला मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, महामंत्री मनोज नेताम, सदानंद तारम और मानसिंह टेकाम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुलकित खंडेलवाल, अमित मेश्राम, योगेन्द्र सिंघने, गोपाल कौशिक, मोनू वर्मा, मानिकलाल निषाद, हिमांशु देशमुख, वीरनारायण सिंह उइके, सल्मु खान, रज्जाक खान, गजिन्द्र पुरामे, सुनील पिल्ले, राजेन्द्र कुम्भकार, मदन मंडावी, खलील कुरैशी शामिल हुए। इसके साथ ही मातृशक्ति और स्थानीय प्रबुद्ध जनों में सावित्री बीरे, चन्द्रशीला साहू, प्रमिला डहरे, दसरी बाई, इन्द्रा बाई मंडावी, गेंदकुंवर ठाकुर, अनीता जयसवाल, बीरन उसेन्डी, श्रीमती यसूता अमिता, सिलाबसिंह कोलियोर, संतोष वर्चो, धनेश यादव, सम्पत्त लाल, हरिशंकर पिस्दा, हेमराज चनाप, मेहरमश राणा, कुलसिंग, नारायण कोरेटी, बलवन्त साहू, सत्यरूपा रखले, सुद्धीबाई, लल्लूराम यादव, सरजूराम राणा सहित मंडल के अन्य प्रमुख पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के संयोजक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि व निष्ठावान कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान से हुआ शुभारंभ, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया वृक्षारोपण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के प्रथम दिवस पारी नाला दरगाह परिसर में लगाया नीम का पौधा

राजनांदगांव (दावा)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्षों को समर्पित 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम का शुभारंभ आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव के पारी नाला दरगाह परिसर में नीम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा किया गया जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री हैरी जोसेफ ने की। कार्यक्रम के संयोजक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया एवं सह-संयोजक श्री बशीर खान के नेतृत्व तथा सदस्य श्री इस्माइल खान एवं श्री शेख शहवाज के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे जनभागीदारी आधारित अभियानों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मोहम्मद इरफान शेख ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश नहीं देता बल्कि मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तबरेज़ अहमद, मैल्कम दास, असलम खान, प्रिंस भाटिया, तरणदीप सिंह, तारणदीप अरोरा, सलीम कुरैशी, अफसर खान, शुभम चौहान मोहम्मद रफीक खान कार्यकारिणी सदस्य भाजपा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ एवं जिला प्रभारी सूफी संवाद प्रदेश प्रभारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित भारत के संकल्प को दोहराते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

# संगम सीएलएफ आतरगांव में डिजिटल दीदी कार्यशाला, ग्रामीण महिलाओं को मिला वित्तीय व साइबर सुरक्षा का कड़ा प्रशिक्षण



बिहान दीदी की दुकान संचालिकाओं ने सीखे दुकान प्रबंधन और डिजिटल भुगतान के गुर, ऑनलाइन ठगी से बचने के दिए गए टिप्स

मोहला (दावा)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आने वाले संगम सीएलएफ आतरगांव में डिजिटल दीदी अभियान के तहत एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हाईटेक प्रशिक्षण शिविर में बिहान (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत संचालित दीदी की दुकान की महिला संचालिकाओं को आमंत्रित किया गया था। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल की महिलाओं को वित्तीय रूप से साक्षर बनाना, डिजिटल भुगतान प्रणालियों में दक्ष करना, बेहतर दुकान प्रबंधन सिखाना और तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक व सक्षम बनाना था।

### 0 कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में जुटी टीम

यह गरिमामय कार्यशाला कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर के कड़े एवं संवेदनशील निर्देशन में आयोजित की गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में सविता साहू (एबीएफ), नीति आयोग के डेवलपमेंट पार्टनर व माइक्रोसेव कंसल्टेंसी के खगेन्द्र कुमार, वित्तीय साक्षरता केंद्र के रोहित पाल, सीएफएल ब्लॉक काउंसलर परदेशी उसरे तथा एनआरएलएम की पूरी टीम ने उपस्थित होकर महिलाओं को अलग-अलग सत्रों में कूटनीतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान ग्रामीण महिलाओं को व्यावसायिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर खुलकर चर्चा की गई। एक्सपर्ट्स ने दीदियों को बचत की आदत विकसित करने और घरेलू व व्यावसायिक बजट प्रबंधन की तकनीक सिखाई। व्यवसाय संचालन में घाटे से बचने और दुकान प्रबंधन के आधुनिक गुर बताए। डिजिटल लेन-देन को आसान बनाने के लिए यूपीआई, क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली का लाइव डेमो दिया गया और मौके पर ही क्यूआर कोड ऑनबोर्डिंग (दुकान के नाम पर कोड जेनरेट करना) का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया।

### 0 साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी से बचाव पर विशेष सत्र

आज के डिजिटल युग में ग्रामीण आबादी को निशाना बना रहे साइबर अपराधियों को मात देने के लिए कार्यशाला में एक विशेष सत्र केवल साइबर सुरक्षा पर केंद्रित रहा। महिलाओं को विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड, लॉटरी और बैंक अधिकारी बनकर आने वाले फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहने की हिदायत दी गई।

# दल्ली राजहरा शहीद बेदी में उमड़ा जनसैलाब, शहीदों के रास्ते पर चलने का लिया संकल्प



छ.ग. मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में दी गई श्रद्धांजलि, वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और स्थानीय मुद्दों पर सरकार को घेरा

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में 2 और 3 जून 1977 के गोलीकांड में शहीद हुए 11 वीर शहीदों की स्मृति में 3 जून को दल्लीराजहरा स्थित शहीद बेदी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। गगनभेदी नारों- 'शहीद वीर नारायण सिंह अमर रहें', 'शहीद शंकर गुहा नियोगी के रास्ते पर अमल करो' और 'शहीद साथी अमर रहें' के बीच शहीदों की बेदी पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनसमुदाय ने शहीदों के बताए रास्तों पर चलने का दृढ़ संकल्प लिया।

### आम जनता और किसानों की समस्याओं पर फूटा गुस्सा

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न जन संगठनों और किसान प्रतिनिधियों ने प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की।

वक्ताओं ने कहा कि आज प्रदेश की आम जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, और पेट्रोल-डीजल, बिजली, रसोई गैस व खाद्य सामग्रियों के दामों में हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी से त्रस्त है। इसके अलावा वक्ताओं ने निम्नलिखित प्रमुख समस्याओं को रेखांकित करते हुए सरकार से तत्काल अंकुश लगाने की मांग की।

शहीद दिवस के इस गरिमामयी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर सहित मेघदास वैष्णव, प्रेम नारायण वर्मा, सोमनाथ उईके, रामचंद्र नेताम, डॉ. जाना, बिहारी ठाकुर, राजाराम, शैलेश, नवाब गिलानी, बसंत साहू और गेंद सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में विभिन्न जन संगठनों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# पेंड्री में धूमधाम से मनाया गया 'सदगुरु कबीर प्राकट्योत्सव', कबीरपंथियों और गणमान्य जनों का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के तत्वाधान में पेंड्री (राजनांदगांव) में 'सदगुरु कबीर प्राकट्योत्सव' एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। गुरुवार 4 जून को आयोजित यह धार्मिक एवं सामाजिक समागम अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में कबीरपंथी और ग्रामवासी शामिल हुए।

इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब जी रहे। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए मंच से 100 वर्ष से अधिक आयु की बुजुर्गसियान दाई का महंत चूड़ामणि साहेब जी द्वारा साल ओढ़ाकर आदरपूर्वक सम्मान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं श्रीमती भगवती साहू (जनपद सीईओ, डोंगरगढ़ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, नारी शक्ति अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ) को संस्था की विशेष घड़ी, शाल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट सहयोग के लिए हेमंत साउंड को संस्था के नाम की टी-शर्ट व घड़ी तथा दीवान साहेब को कुर्ता भेंट कर आत्मीय सम्मान प्रदान किया गया धार्मिक समागम में पेंड्री के महंत सेवादास साहेब, कबीर धर्म स्थान खरसिया के दीवान संत तुलेश्वर साहेब आचार्य गद्दी, क्षेत्रीय दीवान अमरदास जी और जीवराखान साहेब जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मधुर भजनों की प्रस्तुति देने वाले कलाकार संतोष (हारमोनियम वादक), चंद्रकुमार साहू (तबला वादक) और हेमलाल साहू (बेंजो वादक) ने अपनी कला से समां बांध दिया।

समारोह को सफल बनाने में अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्रीमती ममता साहू, प्रदेश सचिव योगदास साहू, प्रदेश सहकोषाध्यक्ष अनिल साहू, जिला महासचिव नारायण साहू, मदनमोहन साहू, हेमंत साहू और धनुक साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही पेंड्री ग्राम से बालक दास साहू, गोरख साहू, लखन साहू, नरोत्तम साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, बंशी सिन्हा सहित भारी संख्या में माताएं-बहनें, श्रद्धालु और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत एवं रामायण इत्यादि ग्रंथ की रचना जिज्ञासा से उत्पन्न हुई - अर्पित भाई



तन एवं धन संसार में तथा मन कृष्ण को समर्पित करें पंडित अर्पित भाई शर्मा ने श्रीराधा कृष्ण चरित्र का किया बखान

राजनंदगांव (दावा)। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वाधान में पावन पुरुषोत्तम मास के अवसर पर 16 दिवसीय श्री नारायण महामहोत्सव के चतुर्थ दिवस श्री राधा-कृष्ण चरित्र कथा की मीमांसा करते हुए अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि यह पावन पुरुषोत्तम मास साक्षात् नारायण का स्वरूप है।

इस मास में किए गए धर्म, जप, पूजन, अर्चन, दान का अक्षय फल प्राप्त होता है। उपस्थित माता-बहनों एवं बंधुओं को भाग्यशाली बताते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व जन्म के संचित पुण्य कर्मों के कारण ही आपको ऐसे पावन पुरुषोत्तम मास के धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मंदिर समिति भी इस आयोजन के लिए पुण्य की भागी है। पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में जिज्ञासा का होना परम आवश्यक है। श्रीमद् भागवत एवं रामायण इत्यादि ग्रंथ की रचना भी सुखदेव जी-परीक्षित एवं सूतजी-सौनकादि ऋषियों की जिज्ञासा एवं संवाद से हुई है। कथा व्यास पंडित अर्पित भाई शर्मा ने कहा कि भगवान कृष्ण साक्षात परम ब्रह्म परमेश्वर है। तभी हम चैत्र शुक्ल नवमी को रामनवमी तथा चैत्र शुक्ल पूर्णमासी को हनुमान जन्मोत्सव कहते हैं। वही भादवा शुक्ल अष्टमी को जन्माष्टमी कहते हैं।

उन्होंने भक्ति को परिभाषित करते हुए कहा कि भक्ति अगर जल में समा जाए तो वह चरणामृत बन जाता है। इसी प्रकार भक्ति भूख से जुड़ जाए तो वह उपवास, चलने से जुड़ जाए तो परिक्रमा, नींद से जुड़ जाए तो रातीजगा और स्थान विशेष से जुड़ जाए तो वह श्री नारायण धाम बन जाती है। बालकृष्ण घर में विराजते हैं, तो वह मंदिर बन जाता है। प्रत्येक मनुष्य के हृदय में परम ब्रह्म परमेश्वर का वास होता है। इस पर नियंत्रण रखना हमारा धर्म है। जिस प्रकार हम अपने घर में दुर्गुण वाले व्यक्ति को प्रवेश नहीं देते। उसी तरह जब यह तन आपका है, मन आपका है। तब संसार के दुर्गुणों का प्रवेश क्यों करने देना चाहिए। मन में प्रभु का चिंतन मनन करें तो कल्याण अवश्य होगा।

पूज्यअर्पित भाई शर्मा ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए कहा कि आज विज्ञान के नाम पर हमारा विनाश हो रहा है। हम आधुनिकता के नाम पर विलासिता की ओर बढ़ रहे हैं। इससे धर्म कर्म कम हो रहा है। अंत समय में जैसी बुद्धि एवं विचार मन में रहते हैं उसी प्रकार अगला जन्म होता है। जड़ भरत प्रसंग के माध्यम से इस कथन को प्रमाणित किया। उन्होंने कहा कि तन एवं धन संसार में लगा देवे एवं बुद्धि-मन प्रभु भक्ति में समर्पित कर देंगे तो मुक्ति अवश्य प्राप्त होगी। पारस के पत्थर से लोहा जैसी वस्तु भी स्पर्श कर स्वर्ण बन जाती है। रामकृष्ण परमहंस-नरेंद्र के प्रसंग की व्याख्या करते हुए इसे प्रमाणित किया। उन्होंने भक्ति को प्रभु का बीज बताते हुए कहा कि हम कृष्ण लीला का श्रवण करते हैं। संसार में प्रभु की अनुपम कृपा है। फिर भी हमें शिकायत रहती है कि हमारा भला नहीं हो रहा है। हम एक दो बार भक्ति करके थक जाते हैं और शिकायत करते हैं। निरंतर भक्ति से भक्ति रूपी बीज बढ़कर प्रेम रूपी फल पक जाता है और हम उसका रसास्वादन करते हैं। जिसने हमें जन्म दिया। संपूर्ण रूप से परिपोषित किया। उस परमात्मा को हम छोड़ देते हैं। यही हमारे पतन का कारण होता है। प्रभु भक्तों का मन रखने के लिए लीलाएं करते हैं। भक्ति की परम पुकार में शक्ति होती है। राणा ने मीराबाई को विष का प्याला भेजा, मीरा ने प्रभु को समर्पित कर ग्रहण कर लिया और वह अमृत बन गया। कथा व्यास पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने राधा रानी किशोरी जी के साथ श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं की विवेचना करते हुए कहा कि किशोरी जी को दही अत्यधिक पसंद है। वहीं श्री कृष्ण को माखन प्रिय है। किशोरी जी की 6 वर्ष की आयु एवं श्री कृष्ण के 5 वर्ष की आयु से किए गए अनेक लीलाओं का वर्णन पूज्य अर्पित भाई ने करते हुए अनेक ऐसे प्रसंगों को उद्घाटित किया। जिसे भक्तों ने पहली बार सुना। किशोरी जी की अष्ट साखियां एवं श्री कृष्ण के ग्वाल बाल अनेक बाल लीलाएं करते हैं। प्रमुख प्रसंग के रूप में श्रीदामा-कृष्ण कुश्ती प्रसंग, किशोरी जी के प्रमुख सखी सुदेवी द्वारा बांसुरी चुराने का प्रसंग, कालिया नाग के ऊपर नृत्य करने का प्रसंग, किशोरी जी की अंगूठी चुराने की लीला प्रसंग, किशोरी जी एवं अष्ट सखियों का एक स्वरूप धारण कर कृष्ण को भ्रमित करने की लीला, कदम के वृक्ष में बनाए गए झूले में झूलने एवं किशोरी जी के रूठने की लीला, परलीपार यमुना जी के पार जाकर दुर्वासा जी को भोजन करने की लीला की विस्तृत व्याख्या करते हुए उपस्थित भक्त माता बहनों एवं बंधुओं को भावविभोर कर दिया।

पूज्य अर्पित भाई शर्मा ने भाव को परिभाषित करते हुए कहा कि हमें पूर्ण समर्पण के साथ परमेश्वर के प्रति श्रद्धा भक्ति का भाव रखना चाहिए। तभी कृष्ण का साक्षात्कार हो पाएगा। ब्रज की प्रत्येक वस्तु रज, यमुना जी, वृक्ष के पत्ते इत्यादि कृष्ण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आज भी अनेक संत महात्मा किशोरी जी का स्मरण करते हुए वहां तपस्या में लीन है।

ब्रज में जाने वाला प्रत्येक व्यक्ति राधे-राधे गुंजयमान करता है। ज्ञानी के बीच बैठने से ज्ञान मिलता है। इसी तरह भक्तों के बीच बैठने से भक्ति प्राप्त हो जाती है। राधा रानी भगवान कृष्ण की आत्मा है राधा का अर्थ आराधना है। स्वयं कृष्ण कहते हैं राधे-राधे। आज दो नन्हे बच्चों ने श्रीराधा-कृष्ण स्वरूप धारण कर आयोजन को गरिमामय बना दिया। आज की कथा प्रारंभ होने के पूर्व सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती अलका मुदलियार, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, संजय अग्रवाल ने व्यास पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# श्री रामलला के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में बनी रहे सुख-समृद्धि एवं खुशहाली - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

## तीर्थयात्रा से वापस आए दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं में रहा अभूतपूर्व उल्लास एवं आनंद



**विधानसभा अध्यक्ष श्री रामलला दर्शन ( अयोध्या धाम ) योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के यात्रियों के सम्मान समारोह में हुए शामिल, जय श्रीराम के जयकारे की मंगल ध्वनि से गूँज उठा परिसर, सभी अयोध्या धाम से वापस आए तीर्थयात्रियों को रामचरित मानस, शॉल-श्रीफल प्रदान कर किया गया सम्मानित, श्रद्धालुओं ने अपनी सुखद यात्रा के अनुभव किए साझा, रामायण मंडली के सभी समितियों को 3000 रूपए प्रदान करने की घोषणा की**

**राजनांदगांव (दावा)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के यात्रियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। तीर्थयात्रा से वापस आए दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उल्लास एवं आनंद रहा और जय श्रीराम के जयकारे की मंगल ध्वनि से परिसर गूँज उठा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज का दिन सौभाग्य का दिन है। अयोध्या धाम से श्री रामलला के दर्शन कर आए दर्शनार्थी जिन पैरों से चलकर वापस आए है, उन्हें छूने और धोने का अवसर एवं आशीर्वाद मिला है। भगवान श्रीराम का आशीष एवं पुण्य हम सभी को मिले। श्री रामलला का आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर बना रहे और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली आए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम को छत्तीसगढ़ का भांचा कहते है। अयोध्या धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। जिले के लगभग 1000 से अधिक श्रद्धालु अयोध्या धाम की यात्रा कर वापस आए हैं। उन्होंने स्मरण करते हुए बताया कि पहले मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को तीर्थयात्रा का लाभ दिया जाता था। जिससे बुजुर्गों को तीर्थाटन का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। वर्षों के बाद यह परिकल्पना साकार हुई है और भव्य एवं शानदार मंदिर का निर्माण हुआ है।

उन्होंने सभी रामायण मंडली की समितियों को स्वेच्छानुदान से 3000 रूपए प्रदान करने की घोषणा की। सभी तीर्थयात्रियों को श्री रामलला की फोटोफ्रेम उपहार में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ धर्म एवं आध्यात्म से जुड़ा हुआ प्रदेश है। यहां धर्म, स्वभाव, चिंतन एवं सोच, कबीर से जुड़ी हुई है। छत्तीसगढ़ में शांति, समृद्धि, प्रेम एवं सौहार्द, भगवान राम का आशीर्वाद है। रामजन्म भूमि अयोध्या मंदिर निर्माण के हम सभी साक्षी रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के तहत सभी श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को छाता, कंबल एवं अन्य व्यवस्था कर उनकी यात्रा एवं आवागमन का अच्छा प्रबंध किया है और इस योजना अंतर्गत आगे भी दर्शनार्थी लाभान्वित होंगे। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना अंतर्गत राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से 5950 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्रा कराई गई है। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, छत्तीसगढ़ शासन आईआरसीटीसी एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा दुर्ग एवं बस्तर संभाग के यात्री एक दिन पहले राजनांदगांव पहुंचते है। उनके ठहरने, स्वास्थ्य, भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाती है। नगर पालिक निगम, समाज कल्याण विभाग सभी की समन्वित सहभागिता रही है।

इस दौरान अयोध्या धाम एवं काशी विश्वनाथ का दर्शन कर लौटे हुए सभी श्रद्धालुओं ने अपनी सुखद यात्रा के अनुभव साझा किए। श्री रामगोपाल गौराहा ने बताया कि अयोध्या धाम की उनकी यात्रा अविस्मरणीय रही। श्री रामलला के दर्शन करने से आनंद की अनुभूति हुई। सरकार द्वारा ट्रेन में नाश्ते एवं भोजन की बहुत अच्छी व्यवस्था थी। श्री हरिहारनों एवं श्रीमती ललिता वैष्णव ने श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक इस योजना का लाभ मिले। इस दौरान श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना अंतर्गत उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

राम-सिया-राम. एवं राम से चल के राम को आए की समधुर गीतों से परिसर गूंज उठा। सभी अयोध्या धाम से वापस आए तीर्थयात्रियों को रामचरितमानस, शॉल-श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री योगेशदत्त शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष श्री सचिन बघेल, राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, शिव वर्मा, राजेश श्यामकर, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरड़वार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# घुमका की ऐतिहासिक जीत लेकर रायपुर पहुंचे विपिन यादव, शीर्ष नेतृत्व से की सौजन्य भेंट

**दीपक बैज बोले - भाजपा की सत्ता, संसाधन और पूरी चुनावी ताकत पर कांग्रेस की एकजुटता पड़ी भारी**



**राजनांदगांव (दावा)।** घुमका नगर पंचायत के ऐतिहासिक चुनाव में कांग्रेस की शानदार जीत के बाद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव एवं विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा, विजयी पार्षदगण एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने रायपुर पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से सौजन्य भेंट की।

जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अनीस खान ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में घोषित घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव में क्षेत्र की जनता ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास जताते हुए अध्यक्ष पद पर फूलमती वर्मा को विजयी बनाया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर पहुंचकर शीर्ष नेतृत्व से सौजन्य भेंट की, उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा घुमका की विजय के पीछे संगठनात्मक एकजुटता और कार्यकर्ताओं के योगदान पर विस्तार से चर्चा की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, पार्षदगण, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा सरकार, उसके मंत्री, विधायक और संगठन की पूरी चुनावी ताकत मैदान में होने के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और संघर्ष के बल पर भाजपा को पराजित किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम बताता है कि प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों से त्रस्त हो चुकी है और बदलाव का वातावरण तैयार हो रहा है।

बैज ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव को अध्यक्षीय कार्यकाल के प्रथम चुनाव में सफलता प्राप्त करने पर विशेष बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की मेहनत का यह परिणाम है। उन्होंने भविष्य में भी इसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैज ने चुनाव में पराजित प्रत्याशियों से भी चर्चा कर उनका मनोबल बढ़ाया और कहा कि वे अपने-अपने वार्डों में जनता के बीच सक्रिय रहकर जनसंपर्क बनाए रखें तथा विकास कार्यों में अपनी भूमिका निभाते रहें।

इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने प्रदेश अध्यक्ष को चुनावी परिस्थितियों, कार्यकर्ताओं के संघर्ष और चुनावी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वार्ड क्रमांक 14 से विजयी निर्दलीय पार्षद संतोष गंधर्व का परिचय भी कराया। संतोष गंधर्व ने कांग्रेस की विचारधारा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए नगर के विकास के लिए कांग्रेस नेतृत्व के साथ मिलकर कार्य करने की बात कही। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत से भेंट की। महंत ने सभी विजयी जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि विपक्ष में रहते हुए यदि संगठन एकजुट होकर चुनाव लड़ता है तो जीत निश्चित होती है। उन्होंने कहा कि घुमका की जीत कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम है। इसी एकता और समर्पण को बनाए रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पराजित करना होगा।

भेंट के दौरान प्रदेश कांग्रेस महामंत्री डॉ. थानेश्वर पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पदम कोठारी, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान, जिला महामंत्री राहुल तिवारी, जय वर्मा, विष्णु लोधी, पंकज बांधव, जिला प्रवक्ता अनीस खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राममूरत वर्मा, डॉ. आफताब आलम, पीयूष दुबे, दानीराम, अमित अग्रवाल, खेमचंद, महेंद्र यादव, रतन यादव सहित सभी नवनिर्वाचित पार्षदगण एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# राजीव नगर के एक बुजुर्ग महिला के घर लगी आग, सब कुछ जलकर स्वाहा

**प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन दे रखी थी महिला, अब तक नहीं मिला है आवास**



राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के दौर में अचानक आग लगना आम बात हो गई है। शहर के श्रमिक बहुल वार्ड नंबर 49 राजीव नगर में रविवार की देर शाम एक बुजुर्ग महिला के घर आग लग गई। आग ने देखते ही देखते भयानक रूप पकड़ लिया। जिससे आसपास के लोग डर कर सहम गए। फिर भी अपनी ओर से लोगों ने बाल्टी आदि में पानी लाकर आग को बुझाने की पूरी कोशिश की लेकिन आग बूझने के बजाय और भी भभकती जा रही थी। उक्त आग वार्ड के पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के घर के ठीक बाजू में रहने वाली ढेला बाई के घर लगी थी। आग बूझती न देख आनन -फानन में ऋषि द्वारा दमकल विभाग को फोन? किया गया। तब तक वहां लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। घर में लगी आग के कारण चारों ओर धूंआ ही धूंआ उठने लगा। जब तक दमकल विभाग की गाड़ी पहुंच गई और आग को बुझाने का प्रयत्न किया गया।

### छप्पर वाले मकान में रहती थी वह बुजुर्ग महिला

**पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि उसके घर के पास वाली उक्त महिला टूटे-फूटे छप्पर वाले मकान में रहती है। उसके साथ एक लड़का भी रहता है। ढेला बाई नामक उक्त बुज़ुर्ग महिला ने पीएम आवास के लिए आवेदन भी दे रखी है। लेकिन अभी तक उसका आवास पास नहीं हुआ। ग़रीबी परिस्थिति की उक्त महिला का घर आग में जल जाने से उसके कपड़े बर्तन और घरेलू सामान सभी जल कर स्वाहा हो? गए। अब उसके पास न रहने के लिए घर है और न खाने के लिए दाने। इस स्थिति में वह बगैर घर के कहा रहेगी, सोचनीय स्थिति हो गई है। ऋषि शास्त्री ने प्रशासन से कहा कि जितना जल्दी हो सके स्थानीय प्रशासन को कुछ बुज़ुर्ग महिला की सहायता के लिए सामने आना चाहिए और मुआवजे के रुप में यथोचित राशि प्रदान कर उनके लिए प्रधानमंत्री आवास की व्यवस्था तत्काल करायी जानी चाहिए।**

# शहर के पांच कबाड़ी दुकानों में दबिश, नहीं मिले चोरी के सामान

**कबाड़ी दुकान संचालकों को चोरी का सामान न खरीदने दी सख्त चेतावनी**



**राजनांदगांव (दावा)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के पांच कबाड़ी दुकानो पर अचानक छापामार कार्रवाई करते हुए पूरे कबाड़ी दुकानों की जांच की और चोरी के सामान या संदिग्ध चीजें नहीं मिलने पर कबाड़ी दुकान के संचालकों को चोरी के सामान नहीं खरीदने की सख्त हिदायत दी है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश और मार्गदर्शन में शहर में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण व चोरी की माल खरीद फरोख्त पर रोक लगाने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के पांच कबाड़ी दुकान में दबिश देते हुए व्यापक जांच-पड़ताल अभियान चलाया गया।

जिसमें रफीक कबाड़ी ममता नगर, मुन्ना कबाड़ी भरकापारा, गनी कबाड़ी एवं गोदाम पुराना गंज चौक व सलीम कबाड़ी खैरागढ़ रोड़ कन्हारपुरी सहित अरूण कबाड़ी लखोली नाका के यहां पहुंचकर आकस्मिक रूप से जांच की गई। जहां किसी प्रकार आपत्तिजनक या संदिग्ध सामग्री व चोरी का सामान नहीं पाया गया। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल पश्चात कबाड़ियों को चोरी की सामान लोहा इत्यादि की खरीदी नहीं करने सख्त हिदायत दी। साथ ही खरीदें गए कबाड़ी सामान की लिखा- पढ़ी रखने गई सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा चोरी की सामान बिक्री करने दुकान में आने पर उसकी सूचना तत्काल थाने में देने की समझाईश दिया गया।

### मानसून का इंतजार लगभग खत्म, तीन से चार दिन में देगा दस्तक

रायपुर। दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार तेज होने के बावजूद रायपुर समेत प्रदेशभर में गर्मी और उमस से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार माना एयरपोर्ट में रविवार को अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक रहा। राजधानी में दिनभर तेज धूप और उमस भरी हवाओं के कारण लोग बेहाल रहे। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में मानसून के छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश से तेलंगाना तक बनी द्रोणिका और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज-चमक और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है।

# किसान के देखैइया भैय्या कोनो नई हे गा - किसान नेता अशोक चौधरी ने जताई गहरी चिंता



**राजनांदगांव (दावा)।** कर्मचारी महंगाई भत्ता बढ़ाने के लिए हल्ला कर रहे हैं, व्यापारी अपने मनमर्जी दाम तय कर रहे हैं, लेकिन देश का अन्नदाता एक निरीह प्राणी की तरह चुपचाप महंगाई का तमाशा देख रहा है। सच तो यह है कि आज किसानों का दर्द समझने वाला कोई नहीं है।÷ यह तीखी प्रतिक्रिया राजनांदगांव के वरिष्ठ किसान नेता अशोक चौधरी ने व्यक्त की है। उन्होंने बढ़ती महंगाई और सरकारी नीतियों को लेकर केंद्र व राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा और किसानों के हक में आवाज बुलंद की।

किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान में पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों के कारण खाद, बीज और जीवनोपयोगी खाद्य पदार्थ बेहद महंगे हो चुके हैं। इस बार खेती में प्रति एकड़ 8 से 10 हजार रुपये का अतिरिक्त खर्च बढ़ जाएगा। ऐसे में केंद्र सरकार द्वारा धान के समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई रु. 90 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है।

किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा शासन को किसानों पर दया दिखानी चाहिए। धान के दाम कम से कम रु. 200 प्रति क्विंटल बढ़ाए जाने चाहिए थे। यदि रूस्क बढ़ाने में कोई तकनीकी परेशानी है, तो केंद्र सरकार रु. 100 और राज्य सरकार रु. 50 का अतिरिक्त बोनस देकर किसानों का दर्द बांट सकती है।

### एकजुटता की कमी का खामियाजा भुगत रहे किसान

चौधरी ने आत्ममंथन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर किसान एकजुट नहीं हैं, यही वजह है कि सरकारें उनकी अनदेखी करती हैं। चुनावी वादों में तो किसानों के लिए बहुत कुछ होता है, लेकिन हकीकत के धरातल पर कुछ नहीं मिलता। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते किसानों को राहत नहीं दी गई, तो आने वाले समय में देश में आपातकाल के बाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं, जब जनता का गुस्सा शासकों पर फूटा था।

### धान खरीदी नीति में बदलाव की मांग : शासन को नुकसान, व्यापारियों को फायदा

छत्तीसगढ़ शासन की वर्तमान धान खरीदी नीति पर सवाल उठाते हुए अशोक चौधरी ने एक बड़ा गणित सामने रखा। उन्होंने कहा कि शासन किसानों से रु. 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीद रहा है। बाद में इसी लाखों टन अनाज को व्यापारियों को महज रु. 1900 प्रति क्विंटल में बेच दिया जाता है। इससे सीधे तौर पर शासन को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है और बिचौलिए/व्यापारी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं।

# नि:शुल्क त्वचा रोग शिविर में 74 मरीजों ने लिया परामर्श

**लायंस क्लब का सेवा कार्य सराहनीय**



**राजनांदगांव (दावा)।** लायंस क्लब ऑफ नांदगांव द्वारा रविवार को गुरुद्वारा रोड स्थित लायन सेवा सदन में निःशुल्क त्वचा एवं सौंदर्य रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. तान्या एस. दुबे ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 74 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।

लायंस क्लब के अध्यक्ष राजेश कोटड़िया ने बताया कि क्लब द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर लाभ उठाया। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का मूल मंत्र 'WE SERVE (हम सेवा करते हैं)' है और संस्था हमेशा समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य, सेवा और जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर इसी सेवा भावना का हिस्सा है।

शिविर के सफल आयोजन में क्लब के सचिव योगेश गुप्ता, अशोक कोटड़िया, आनंद वर्गीस, नवीन तिवारी, ऋषभ नाहटा, राहुल लालवानी तथा बृजेश शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान मरीजों को त्वचा संबंधी समस्याओं के उपचार एवं बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई। लायंस क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी समाजहित में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर और जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# काक्रोच बड़ा जीवट होता है लेकिन, राजनीति में केवल सोशल मीडिया के आंकड़ों से काम नहीं चलता - डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव (दावा)।** अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे क्षेत्रिय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमनसिंह ने देश में जन्म ले रही एक नई काक्रोच पार्टी के संबंध में तीखी टिप्पणी की है। डॉ सिंह ने कहा कि काक्रोच नामक जंतु हालांकि जीवट होता है, लेकिन राजनीति में केवल सोशल मीडिया के आंकड़ों से काम नहीं चलता। जनता के बीच वास्तविक समर्थन होना जरूरी है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में नई-नई राजनीतिक पार्टियों का आना और विभिन्न मुद्दों को उठाना अच्छी बात है। डॉ. रमन ने कहा कि नई पार्टियां जनता के मुद्दों को सामने लाती है और लोकतंत्र व्यवस्था को मजबूत करती है। डॉ. रमन ने उक्त बातें मीडिया से चर्चा के दौरान कही और उन्होंने उक्त कथित पार्टी और उसके नेतृत्व पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये, क्या काक्रोच है जो बेहोश होकर गिर गया?

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने आगे कहा कि उक्त पार्टी सोशल मीडिया पर बड़े-बड़े दावे करती है कि दो करोड़ फालोवर्स है, लेकिन कार्यक्रम में करीब 2 हजार ही लोग पहुंचे और पार्टी का नेता बेहोश होकर गिर गया। डॉ. रमन के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक इसे नई राजनीतिक ताकतों और स्थापित दलों के बीच बढ़ती बयानबाजी के रूप में देख रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व अन्य भाजपाई नेता उनके साथ उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com